26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 1 मई, 2026

अंक- 186 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16


# किरतपुर के युवक की कश्मीर में नृशंस हत्या

**किरतपुर ( चिंगारी )।** किरतपुर के एक युवक की कश्मीर में हत्या कर दी गई। कल दोपहर उसका शव पम्पारा क्षेत्र के एक पार्क में मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार में कोहराम मच गया। नगर के मोहल्ला अफगानान निवासी 35 वर्षीय इमरान पुत्र स्वर्गीय मुख्तार कश्मीर में फर्नीचर का काम करता था। वह 12 दिन पहले ही अपने घर से कश्मीर गया था और वहां अपने फुफेरे भाई अमीर हसन के साथ एक कमरे में रह रहा था। घर वालों के अनुसार, बुधवार रात करीब 11 बजे इमरान ने अपने भाई से पंत चौक तक टहलने की बात कही और कमरे से निकल गया। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। कल दोपहर उसका शव पम्पारा क्षेत्र के एक पार्क में पड़ा मिला। इमरान की जेब में मिली डायरी पर लिखा नंबर से उसकी शिनाख्त हुई। मौके से इमरान का मोबाइल फोन भी गायब मिला है। प्रारंभिक


मृतक का फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार इमरान की हत्या किसी भारी वस्तु से चेहरे पर वार कर की गई है।

पोस्टमार्टम के बाद इमरान का शव आज दोपहर एम्बुलेंस से आज किरतपुर लाया गया। शव के पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। समाचार लिखे जाने तक शव को सुपुर्दे खाक करने की तैयारी की जा रही थी।

# कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। कमर्शियल एलपीजी सिलिंडरों के दाम बढ़ाए जाने के अलावा पांच किलोग्राम के एफटीएल (मुक्त व्यापार एलपीजी) सिलिंडर की कीमत में भी वृद्धि का फैसला लिया गया है। इसके तहत कीमतें तत्काल प्रभाव से 261 रुपये प्रति सिलिंडर बढ़ गई हैं। पांच किलोग्राम का फ्री ट्रेड एलपीजी (एफटीएल) सिलिंडर का उपयोग मुख्य रूप से छोटे प्रतिष्ठानों और सीमित व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

# 4 घंटे भवानीपुर स्ट्रॉन्ग रूम में रहीं ममता बनर्जी

## कहा- किसी को EVM लूटने नहीं देंगे

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के नतीजों से पहले राज्य में सियासी तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। गुरुवार की आधी रात को कोलकाता के भवानीपुर में उस वक्त भारी हंगामा खड़ा हो गया, जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुद सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित 'स्ट्रांग रूम' और काउंटिंग सेंटर पहुंच गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि ईवीएम मशीनों के साथ हेरफेर की कोशिश की जा रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कसम खाई कि ईवीएम में किसी भी तरह की अनियमितता के खिलाफ वह मरते दम तक लड़ेंगी। दक्षिण कोलकाता में काउंटिंग सेंटर में करीब 4 घंटे बिताने के बाद, बनर्जी रात करीब 12:07 बजे बाहर निकलीं।


## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन ( जूनियर हाईस्कूल ) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण ( करबला के पास ) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता
प्रबंधक
8447871425

पूनम त्यागी
मुख्य अध्यापिका
8958254011

## देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313, 9457439020

M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES | भगन्दर FISTULA | फिशर FISSURE


इस तकनीक द्वारा यह बीमारी भविष्य में कभी नहीं होती

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें



डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# नशे में दूल्हे ने किया दुर्व्यवहार दुल्हन ने विदाई से किया इंकार

## बारात बैरंग लौटी

हल्दौर ( चिंगारी )। क्षेत्र के एक गांव में विवाह के दौरान दूल्हा और दुल्हन पक्ष के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षो की पंचायत हुई और बारात बिना दुल्हन के ही वापस लौट गई।

क्षेत्र के एक बैंक्वेट हॉल में लक्सर क्षेत्र से आई बारात में चढ़त के दौरान शराब के नशे में दूल्हे द्वारा अभद्र व्यवहार से लड़की पक्ष के लोग नाराज हो गए। मेहमानो ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया और विधि-विधान के साथ फेरे संपन्न कराए गए। आरोप है कि विदाई के समय दूल्हे ने और दहेज की मांग कर डाली। जिससे विवाद फिर बढ़ गया। शादी में मौजूद लोगों के काफी समझाने के बावजूद दूल्हा अपनी मांग पर अड़ा रहा। दूल्हे की बात से आहत दुल्हन ने भी विदाई से साफ इंकार कर दिया। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ने से स्थिति और बिगड़ गयी। इसके बाद दोनों पक्षों में काफी देर तक पंचायत और बातचीत चली। बाद दोनों पक्षों के बीच दहेज में दिए गए सामान और रकम वापस करने की सहमति बनी। जिसपर बारात को बिना दुल्हन को लिए ही वापस लौटना पड़ा। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

# नोएडा की घटना के बाद मजदूर दिवस का महत्व और बढ़ा - कामरेड शराफत



बिजनौर ( चिंगारी )। आज मजदूर दिवस है। इस अवसर पर बढ़ापुर के मौहल्ला ठाकुरान में सीपीएम कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। मुख्य वक्ता रिटायर्ड प्रोफेसर ठाकुर अजय कुमार सिंह रहे। उन्होंने मजदूरों के संघर्षपूर्ण जीवन और शिकागो की शहादत पर प्रकाश डाला। पूर्व चेयरमैन कामरेड शराफत हुसैन ने कहा कि आज के दिन शिकागो में 1886 में मजदूरों ने काम के घंटे 8 किये जाने को लेकर हड़ताल की थी, जिसमें अनेक मजदूर शहीद हुये थे। उन्होंने कहा कि हाल ही में मिनिमम वेज को लेकर नोएडा में मजदूरों और पत्रकारों का दमन हुआ, उसने इस मजदूर दिवस की महत्ता को और बढ़ा दिया है। कामरेड शराफत ने कहा कि दुनिया के मेहनतकशो एक हो जाओ, तुम्हारे पास खोने के लिये कुछ नहीं है, पाने के लिये सब कुछ है। इस अवसर पर सीपीएम के नगर सचिव कामरेड अखलाक खान, सुशील आर्य, प्रेम सिंह, पूर्व सभासद शहजाद, सलीम अंसारी ने भी विचार व्यक्त किये।

# इंटरमीडिएट में आफ़िया नाज़ ने किया सेंट मैरी टॉप



आफिया नाज

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। गत दिवस आए आईसीएसई बोर्ड के परीक्षा परिणाम में सेंट मैरी अफजलगढ़ की इंटरमीडिएट की होनहार छात्रा आफिया नाज ने 96.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। आफिया नाज की इस सराहनीय सफलता पर परिवार में खुशी की लहर है और शिक्षाप्रेमियों द्वारा उसे बधाई दी गई। आफिया नाज कंपोजिट स्कूल त्रिलोकपुर के सहायक शिक्षक अनीस अहमद एवं क्रमोत्तर कन्या जू.हा. कासमपुर गढ़ी की सहायक अध्यापिका सुल्ताना परवीन की होनहार पुत्री है। शिक्षिका सुल्ताना परवीन ने भी पिछले दिनों प्राइमरी एवं जूनियर कक्षा हेतु सीटेट परीक्षा पास कर परिवार का मान सम्मान बढ़ाया था।

# इलेक्ट्रिक स्कूटी 'भूमि' के शोरूम का उद्घाटन

बिजनौर ( चिंगारी )। नगर के शक्ति चौक पर इलेक्ट्रिक स्कूटी भूमि के भव्य शो रूम का उद्घाटन चिंगारी अखबार के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी एवं व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के जिलाध्यक्ष राजकुमार गोयल द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इससे पूर्व शो रूम में यज्ञ-हवन का आयोजन हुआ, जिसे पंडित सतीश कुमार शर्मा के द्वारा सम्पन्न कराया गया। प्रतिष्ठान के स्वामी भूपेन्द्र सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर खगेश कुमार शर्मा, प्रदीप अग्रवाल, श्रीमती नीतू अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, आर के अहलावत, मनोज सचदेवा, चौधरी गजे सिंह, गिरिराज सिंह, केशव, बिजेन्द्र सिंह, मा. जयपाल सिंह, हेमेन्द्र पाल सिंह, इन्द्रजीत सिंह, अनिल कुमार, दीपक सहित काफी संख्या में व्यापारी तथा गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



# अर्शिया ने टाप 10 में स्थान पाकर नाम रोशन किया



बिजनौर ( चिंगारी )। यहां मुख्य डाक घर में तैनात पब्लिक रिलेशन इंस्पेक्टर आसिफ मिर्ज़ा की सुपुत्री अर्शिया अंजुम ने आईसीएसई बोर्ड की दसवी क्लास की परीक्षा में टाप 10 की लिस्ट में स्थान पाकर माता पिता का नाम रोशन किया है। नजीबाबद के मुहल्ला  कलालान निवासी आसिफ मिर्ज़ा Null सुपुत्री अर्शिया अंजुम नजीबाबाद के सेंट मैरी स्कूल की छात्र है।अर्शिया ने परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर टाप 10 की सूची में जगह बनाई है। अर्शिया की इस कामयाबी पर परिजनों को नाज़ है। अर्शिया व उसके माता पिता को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



आवश्यकता है धामपुर में शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।

सम्पर्क करें- मो. 8192801901

Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

पांच दिन के उत्तराखण्ड दौरे पर रहेंगी कुमारी शैलजा ( पेज 15 )



# धूल भरी आंधी से हुआ नुकसान, बूंदाबांदी से गिरा तापमान

## मौसम का मिजाज बदलने से राहत भी, आफत भी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** कई दिन की तपिश और लू चलने के बाद कल शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला। इस दौरान जहां आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया, वहां बूंदाबांदी के चलते लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। जिले में नजीबाबाद सहित कई स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार कल दोपहर बाद मौसम में बदलाव हुआ। पहले आंधी चली, जिससे कई जगह पेड़ और बिजली के तार टूट गये। जिससे विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। धूल भरी आंधी चलने से जनजीवन पर बुरा प्रभाव पड़ा। बाद में बूंदाबांदी हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। गर्मी में झुलस रहे लोगों तथा अन्य जीवों को राहत मिली।

बिजनौर में धूल भरी आंधी चली तथा हल्की बूंदाबांदी हुई। नजीबाबाद में भीषण गर्मी के बीच तेज हवाओं के साथ बारिश और ओले गिरे। आंधी इतनी तेज थी कि कई जगह पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे आवागमन बाधित रहा। तेज हवाओं से टिन-शेड, होर्डिंग और दुकानों के बोर्ड उड़ गए, जिससे भारी नुकसान हुआ। गनीमत रही कि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जिले के अधिकांश हिस्सों में आंधी के साथ हल्की बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि हुई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

## आंधी में जड़ से टूटकर गिरा सौ वर्ष पुराना पीपल का पेड़

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम चमरौला के धार्मिक स्थल में खड़ा पीपल का कई सौ वर्ष पुराना विशाल पेड़ आंधी के कारण जड़ से टूटकर गिर गया। इससे चहारदीवारी की दीवारें, भवन का छज्जा तथा नल टूट गया। वहां रह रहे महाराज जी पेड़ की चपेट में आने से बाल-बाल बचे।



टूटा पड़ा पेड़ तथा क्षतिग्रस्त हुआ छज्जा

समीपवर्ती ग्राम चमरौला में गांव के पश्चिमी छोर पर ग्राम देवता स्थित हैं, जिन्हें कोट के देवता का भैया भी कहा जाता है। आषाढ़ के महीने में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी वहां प्रसाद चढ़ाने के लिये जाते हैं। कल शाम आई आंधी से ग्राम देवता स्थल के प्रांगण में खड़ा पीपल का बेहद प्राचीन एवं विशाल वृक्ष जड़ से टूट गया। यह पेड़ कितना पुराना है, इसकी सही जानकारी तो ग्रामीणों को नहीं है, मगर पेड़ कई सौ वर्ष पुराना बताया जाता है। पेड़ गिरने से मठ के ऊपर बने भवन का छज्जा टूट गया, चहारदीवारी की दो दीवारें टूट गईं, आंगन में खड़ा नल टूट गया। वहां रह रहे महाराज करनदास ईश्वर की कृपा से पेड़ की चपेट में आने से बाल-बाल बच गये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र माणिक सिसौदिया पुत्र श्री संजय कुमार निवासी ग्राम मुअज्जमजपुर जैतरा धामपुर बिजनौर का उपरोक्त नाम सत्य व सही है। भविष्य में इसी नाम से मेरे पुत्र को जाना जाए। सभी सरकारी दस्तावेज में यही नाम माणिक सिसौदिया ही प्रयोग में सदैव रहेगा। - **संजय कुमार पुत्र सुंदर सिंह ग्राम जैतरा धामपुर**

### नाम परिवर्तन संबंधी सूचना

यह सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं अलका रघुवंशी पत्नी दिनेश कुमार निवासी मो. बुद्धि विहार मुरादाबाद जनपद मुरादाबाद ने अपना नाम बदलकर अलका सिंह रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे अलका सिंह के नाम से ही जाना और संबोधित किया जाये।

दिनांक : 01/05/2026

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक
CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे
या बुरी ...

## अमेरिका का विस्तारवादी चेहरा

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला सभी अंतराष्ट्रीय मानकों का उल्लंघन व लोकतांत्रिक मूल्यों की हत्या है। इससे प्रोत्साहित होकर ही उसने ईरान से पंगा मोल ले लिया। इस प्रकार अमेरिका का क्रूर साम्राज्यवादी चेहरा एक बार फिर उजागर हुआ है जिसने वियतनाम, ग्रेनेडा, क्यूबा, पनामा, कोरिया, आदि देशों में अपनी बर्बरता का परिचय पहले ही दे दिया था। वेनेजुएला पर हमले और मादुरो की गिरफ्तारी से अमेरिका ने एक बार फिर 'मुनरो सिद्धान्त' को रेखांकित किया है जिसके चलते वह पश्चिमी गोलार्ध में किसी भी कीमत पर अपना वर्चस्व बनाए रखना चाहता है। यह हमला परोक्ष रूप से क्यूबा, ब्राजील और ईरान जैसे देशों को खुली धमकी है कि वे चीन के साथ अपने संबंधों को बढ़ावा न दें नहीं तो उनको भी ऐसे ही नतीजे भुगतने को तैयार रहना चाहिए। 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के साथ सत्ता में आए डोनाल्ड ट्रंप पूरी बेशर्मी के साथ दुनिया में अपनी मनपसंद दक्षिणपंथी व तानाशाही शासकों को थोपने का प्रयास कर रहे हैं। दशकों पहले पनामा के निर्वाचित राष्ट्रपति को इसी प्रकार गिरफ्तार कर सजा देने वाले अमेरिका का इरादा निकोलस मादुरो को भी कथित रूप से नशे के व्यापार के आरोप में जेल में लंबे समय तक बंद रखना है। अमेरिका ने ब्राजील पर 50 प्रतिशत टैरिफ इसलिए लगाया है कि वहां के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा ने पूर्व दक्षिणपंथी व भ्रष्ट राष्ट्रपति बोलसोनारो को अदालत द्वारा दी गई 27 साल की सजा रद्द करने से इनकार कर दिया है। ट्रंप ने हाल ही में ईरान को भी धमकी दी थी कि यदि उसने वहां अराजकता पैदा करने वाले प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई की तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। ट्रंप क्यूबा सरकार को भी उखाड़ फेंकने की बात कह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि वेनेजुएला के पास तेल का भारी भंडार है और ह्यूगो श्वेज द्वारा निजी तेल कंपनियों का राष्ट्रीयकरण करने के बाद से ही अमेरिकन तेल कंपनियां सरकार पर वेनेजुएला में सत्ता परिवर्तन का दबाव डाल रही थीं। जब मीडिया व राजनीतिक फंडिंग के माध्यम से श्वेज व मादुरो सरकार गिराने के सारे उपाय विफल हो गए, तब अमेरिका ने सीधे हमले का रास्ता अपनाया। समाप्त

# महात्मा बुद्ध और उनका संदेश

बुद्ध पूर्णिमा पर विशेष

बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध का सम्बद्ध राजपरिवार से था, मगर इसके बावजूद उन्होंने सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के लिये सांसारिक सुखों का परित्याग कर संन्यासी जीवन को अपनाया। बौद्ध धर्म ने भारतीय समाज, साहित्य, कला, धर्म और दर्शन के विकास में अपना अमिट योगदान दिया है। बौद्ध धर्म ने भारतीय राजनीति को भी प्रभावित किया, अशोक जैसे सम्राट ने युद्ध और विजय की नीति का त्याग कर दिया। बौद्ध धर्म के उद्भव और विकास ने भारतीय कला को गंभीरता से प्रभावित किया। स्थापत्य, मूर्तिकला और चित्रकला पर इस धर्म का गहरा प्रभाव पड़ा। बौद्ध धर्म के प्रसार के कारण भारतीय सभ्यता और संस्कृति का विदेशों में प्रसार हुआ। अशोक ने इस धर्म को श्रीलंका और अन्य देशों में प्रसारित किया, जबकि कनिष्क ने इसे मध्य एशिया तक पहुंचा दिया। धर्म के विकास के साथ इन देशों से व्यापारिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध भी स्थापित हुए। अनेक बौद्ध व्यापारी और धर्म प्रचारक विदेशों में गये, जिसके फलस्वरूप सांस्कृतिक तत्वों का आदान-प्रदान हुआ। बौद्ध धर्म के अनुयायी मुख्य रूप से पूर्वी और दक्षिण- पूर्व एशिया के देशों में रहते हैं। सबसे बड़ी बौद्ध आबादी चीन, थाईलैंड, म्यांमार, जापान, वियतनाम, कंबोडिया, श्रीलंका, दक्षिण कोरिया, लाओस, भूटान, मंगोलिया में केन्द्रित है। इन देशों में बौद्ध धर्म प्रमुख धर्म है। भारत में भी बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग काफी संख्या में रहते हैं।

बौद्ध धर्म के विकास में बुद्ध के प्रभावशाली व्यक्तित्व का भी काफी योगदान था। उन्होंने महल के सुखों का त्याग कर सन्यासी जीवन को अपनाया। जनता उनके इस त्याग से अत्यधिक प्रभावित हुई। आम जनमानस ने माना कि महात्मा बुद्ध निःस्वार्थ जनकल्याण में लगे हुए हैं। महात्मा बुद्ध के धर्म-प्रचार का ढंग भी बेहद प्रभावशाली था। उन्होंने तत्कालीन प्रचलित लोकभाषा पाली को अपने उपदेशों का आधार बनाया। वे स्वयं लोगों से मिलकर उन्हीं की भाषा में संसार की निसारता का उपदेश करते थे। वे अपने विरोधियों पर तर्क और प्रेम द्वारा विजय प्राप्त करते थे। अज्ञानियों को समझाने के लिये वे हास्य एवं व्यंग्य का भी सहारा लेते थे। यह उनके प्रेम और करुणा का प्रभाव था कि अंगुलिमाल जैसे



डाकू, आम्रपाली जैसी गणिकाएं (दरबारी महिलाएं) सद्धर्म के अनुयायी बने। बौद्ध धर्म को लोकप्रिय बनाने में संघ का भी बड़ा योगदान रहा है। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवनकाल में ही गणतांत्रिक आधार पर बौद्ध संघ का संगठन किया था। संघ के भिक्षु नियंत्रित और सदाचारी जीवन बिताते थे। संघ के इस आदर्शमय जीवन का प्रभाव सामान्य जनता पर भी पड़ा। संघ के सदस्य उत्साह के साथ घूम-घूमकर महात्मा बुद्ध के संदेशों का प्रचार-प्रसार करते थे। संघ को अनेक विद्वानों और व्यापारियों का भी सहयोग मिला, जिससे बौद्ध धर्म विदेशों में भी फैल गया। नागार्जन, वसुमित्र, धर्मकीर्ति जैसे विद्वानों के माध्यम से बौद्ध धर्म के प्रचार में मदद मिली।

### महात्मा बुद्ध की शिक्षायें

महात्मा बुद्ध ने कोई ग्रंथ नहीं लिखा और न ही अपने शिष्यों को अपना उपदेश किसी विशिष्ट, प्रमाणभूत भाषा में स्मरण रखने के लिये कहा। उन्होंने प्रचलित मागधी भाषा में उपदेश किया और भिक्षुओं को अनुमति दी कि वे अपनी-अपनी बोलियों में उनके उपदेशों का स्मरण करें। बुद्ध के महापरिनिर्वाण के तुरंत बाद बौद्ध धर्म की पहली संगीति हुई थी, जिसका उद्देश्य बुद्ध वचनों को सुरक्षित करना था।



### चार आर्यसत्य

**ऋषिपत्तन (सारनाथ) में महात्मा बुद्ध ने दुःख, दुःख-समुदय, दुःख- निरोध और दुःख -निरोधगामिनी प्रतिपद इन्हीं चार आर्यसत्यों का धर्मचक्र प्रवर्तित किया था और यही आर्यसत्य बौद्ध धर्म के समस्त सिद्धांतों के आधार हैं।**

**दुःख सत्य**-महात्मा बुद्ध के अनुसार जीवन दुःखों से परिपूर्ण है। सभी वस्तुएं जो उत्पन्न हुई हैं, दुःख, अनित्य और अनात्म रूप हैं। संसार की सभी वस्तुएं दुखमय हैं-सब्बं दुखं।

**दुःख-समुदय**-महात्मा बुद्ध के अनुसार प्रत्येक घटना का कोई न कोई कारण अवश्य होता है, इसलिये दुःखों का भी कारण है। प्रतीत्यसमुत्पाद के अनुसार दुःख की उत्पत्ति का एक कारण नहीं है, इसके कारणों की एक लंबी श्रृंखला है।

**दुःख-निरोध**-महात्मा बुद्ध का कहना है कि दुःखों का निरोध संभव है। दुःखों का मूल कारण अविद्या है, इसलिये विद्या द्वारा अविद्या का निरोध कर देने पर दुःख निरोध हो जाता है।

**दुःख-निरोधगामिनी प्रतिपद**-जिन कारणों से दुःख की उत्पत्ति होती है, उनके नष्ट करने का उपाय ही निर्वाण का मार्ग है। दुःख निरोध के आठ साधन बताये गये हैं, जिन्हें 'अष्टांगिक मार्ग' कहा गया है। अष्टांगिक मार्ग निम्नलिखित हैं -

**सम्यक दृष्टि**-वस्तुओं के यथार्थ स्वरूप को जानना ही सम्यक दृष्टि है।

**सम्यक संकल्प**- आसक्ति, द्वेष और हिंसा से मुक्त विचार रखना ही सम्यक संकल्प है।

**सम्यक वाक**- सदा सत्य और मृदु वाणी का प्रयोग करना ही सम्यक वाक है।

**सम्यक कर्मांत**-अच्छे कर्मों में संलग्न होना और बुरे कर्मों का परित्याग ही सम्यक कर्मांत है।

**सम्यक आजीव**- विशुद्ध रूप से सदाचार से जीवन-यापन करना ही सम्यक आजीव है।

**सम्यक व्यायाम**- अकुशल धर्मों का त्याग और कुशल धर्मों का अनुसरण ही सम्यक व्यायाम है।

**सम्यक स्मृति** - वस्तुओं के वास्तविक स्वरूप के सम्बन्ध में सदैव जागरूक रहना ही सम्यक स्मृति है।

**सम्यक समाधि**- चित्त की समुचित एकाग्रता सम्यक समाधि कहलाती है।

रुकन राजपूत, नांगल सोती

## रिश्ते निभाना हो तो हर एक घटना के पीछे की बात को भी समझें

प्रेरक-प्रसंग

रामायण में हनुमान जी ने श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता करवा दी थी। उस समय श्रीराम ने सुग्रीव से पूछा, राजा सुग्रीव, आपकी और मेरी अभी-अभी मित्रता हुई है। मैं ये जानना चाहता हूं कि आप इस जंगल में क्यों रहते हैं? किस बात की परेशानी है? सुग्रीव ने कहा, मेरे बड़े भाई का नाम बाली है। वह मुझे मारने के लिए खोज रहा है। ऋष्यमूक पर्वत पर वह आ नहीं सकता है, क्योंकि उसे शाप लगा है। मैं यहां डरकर छिपा हुआ हूं। श्रीराम ने पूछा, आपका सगा भाई आपको मारना चाहता है, सुग्रीव ने कहा हां, एक समय हम दोनों भाइयों में बहुत प्रेम था, मित्रता थी। एक दिन हमारे राज्य में एक दानव आया। मेरा भाई बाली बहुत बलवान है और अहंकारी है तो वह उस दानव को मारने के लिए दौड़ पड़ा। दोनों में युद्ध हुआ। दोनों लड़ते-लड़ते एक गुफा में चले गए। बाली मुझसे कहकर गया था कि तुम गुफा के बाहर रुकना, मैं इस दानव को मारकर आता हूं, लेकिन काफी समय तक बाली नहीं आया, एक दिन गुफा से रक्त की धार बाहर आ गई, मैं डर गया। मैंने सोचा बाली मारा गया। मैंने एक बड़ा पत्थर गुफा के द्वार पर रखा और अपने राज्य लौट आया। राजा बाली के बिना राज्य था तो मंत्रियों ने मुझे राजा बना दिया। कुछ समय बाद जब बाली लौटकर आया, उसने मुझे राजा बने देखा तो वह गुस्सा हो गया। उसने मुझे मारा। मेरी कोई गलती नहीं थी।

# विधानसभा के विशेष सत्र में विपक्ष पर बरसे अशोक कटारिया

# 'नारी शक्ति का लगेगा श्राप, विपक्ष का होगा महाविनाश'

**बिजनौर ( चिंगारी )। गुरूवार को उत्तर प्रदेश विधानसभा के दोनों सदनों के एक दिवसीय विशेष सत्र में नारी सशक्तिकरण पर चर्चा में भाग लेते हुए विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने के लिए विपक्ष को आड़े हाथों लिया।**

श्री कटारिया ने अपने ओजस्वी सम्बोधन में दोटूक कहा कितथाकथित धर्मनिरपेक्ष दलों के विनाश का समय निकट आ गया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृति रश्मिरथी की पंक्ति 'जब नाश मनुष्य पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है' का उल्लेख करते हुए कहा कि जो नारी का अपमान करता है, वो समाप्त हो जाता है।

श्री कटारिया ने कहा कि भारत में नारी की पूजा की जाती है। ये हमारी प्राचीन संस्कृति है। ये हमारे जीवन मूल्य है। अर्द्धनारीश्वर की प्रेरणा रखने वाला यह राष्ट्र महिलाओं के अपमान को बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी जी इस अधिनियम को लेकर आए तो गांव, गलियारों, चौराहों, चौबारों पर हमारी बेटियां, बहनें, हमारी नारियां खिलखिलाने लगीं। उन्हें लगा कि अब देश चलाएंगे, कानून बनाएंगे, हममें से अहिल्याबाई होल्कर निकलेंगी, हममें से सावित्रीबाई फुले निकलेंगी, हमारा समय आयेगा। उन्होंने कहा कि जिस तरह



कौरवों ने मिलकर अभिमन्यु का वध किया था, उसी तरह विपक्ष ने मेजें थपथपाकर नारी वंदन अधिनियम की हत्या की है।

उन्होंने कहा कि जिस देश की संस्कृति में स्त्री की पूजा होती है, वहां तथाकथित धर्म निरपेक्ष दलों ने महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने का पाप किया है।

पूर्व मंत्री अशोक कटारिया ने विपक्ष पर बरसते हुए कहा कि हिन्दुस्तान बहुसंख्यकों के विरोध में ये पहले से काम कर रहे थे, लेकिन अब ये दैवीय शक्ति, नारी शक्ति के विरोध में भी आ खड़े हुए हैं। इनका विनाश सुनिश्चित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो भी कमेंट करते हैं, उसे पूरा करके ही दम लेते हैं। हमारे नेता में दम है। हमारे नेता ने कष्ट देखा है, भोगा है और जीया भी है। उन्होंने सदन के माध्यम से विपक्ष का आह्वान किया कि अब भी समय है, इस बिल के समर्थन में आ जाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि ईश्वर विपक्ष को सद्बुद्धि दें ताकि उसका विनाश होने से बच जाए।

**श्री कटारिया ने अपने सारगर्भित सम्बोधन में जहां देश की संस्कृति और नारी शक्ति के सम्मान को रेखांकित किया, वहां ऐतिहासिक संदर्भों का हवाला देते हुए विपक्ष को आड़े हाथों लिया। सदन में उनका भाषण बहुत गंभीरता के साथ सुना गया।**

# महिला के बिना सशक्त और विकसित राष्ट्र की कल्पना अधूरी : ओमकुमार

## नहटौर विधायक ने विशेष सत्र में विशेष रूप से भागीदारी की

**बिजनौर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश विधानसभा लखनऊ के विशेष सत्र से पूर्व नहटौर विधानसभा क्षेत्र के विधायक ओम कुमार ने विधायक साथियों के साथ विधानसभा परिसर में महिला सम्मान और सुरक्षा के महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई तथा 'महिला सशक्तीकरण' विषय पर आयोजित विशेष सत्र में उपस्थित रहे।**

इस अवसर पर विधायक श्री ओमकुमार ने कहा कि महिला सुरक्षा और सम्मान समाज की मूल आधारशिला है, जिसके बिना सशक्त और विकसित राष्ट्र की परिकल्पना अधूरी है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग वर्षों से महिलाओं के अधिकारों के नाम पर केवल राजनीति करते रहे, आज उनका दोहरा चरित्र जनता के सामने पूरी तरह उजागर हो चुका है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के लिए नारी सम्मान केवल एक नारा नहीं, बल्कि सेवा, सुरक्षा और सशक्तिकरण का दृढ़ संकल्प है। महिलाओं की गरिमा, अधिकारों और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकार निरंतर प्रभावी




कदम उठा रही है। विधायक ओमकुमार ने कहा कि महिला शक्ति के सम्मान और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए वह पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने हेतु निरंतर कार्य करते रहेंगे। अंत में उन्होंने प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इस दिशा में कोई भी कमी नहीं आने दी जाएगी।

# महिला को फोन पर परेशान करने वाले युवक को बिजनौर बुलाकर सबक सिखाया

## माफी मांगने पर छोड़ा

बिजनौर ( चिंगारी )। मंडावर में एक महिला को लगातार फोन कॉल और मैसेज कर परेशान करने वाले युवक को परिजनों ने बिजनौर बुलाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। घटना के दौरान आरोपी युवक सरेराह हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा। भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने के आश्वासन पर आरोपी को छोड़ दिया गया। मंडावर कस्बे की रहने वाली एक महिला पिछले करीब एक सप्ताह से एक युवक की हरकतों से परेशान थी। आरोपी युवक लगातार महिला के मोबाइल पर कॉल और आपत्तिजनक मैसेज कर रहा था। कई बार समझाने के बावजूद जब युवक अपनी हरकतों से बाज नहीं आया, तो परिजनों ने उसे सबक सिखाने की ठानी। आरोपी युवक को महिला ने उसे मिलने के लिए बिजनौर रेलवे स्टेशन के समीप बुला लिया। गुरूवार की दोपहर आरोपी युवक बाइक से अकेला महिला से मिलने मौके पर पहुंच गया। वहां पहले से मौजूद महिला के परिजनों ने उसे पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई की। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई, जिसने भी युवक की हरकत सुनी उसने ही युवक को भला-बुरा कहा। परिजन युवक को शहर कोतवाली ले जाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पिटाई के दौरान युवक हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा और पुलिस को न देने की गुहार लगाता रहा। आरोपी के अपनी गलती स्वीकार करते हुए भविष्य में ऐसी हरकत न करने की बात कहने पर लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के गांव सब्दलपुर रेहरा का निवासी है। लोगों के समझाने और युवक के माफी मांगने के बाद परिजनों ने उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि इस मामले में कोई थाने नहीं आया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# आसिफ़ असलम को दो विधानसभा क्षेत्रों का प्रभारी नियुक्त किया

चांदपुर ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने चांदपुर निवासी सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ. आसिफ़ असलम को सहारनपुर व रामपुर मनिहारान विधानसभा का प्रभारी नियुक्त करते हुए उनसे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। मौ. आसिफ़ असलम को विधानसभा प्रभारी बनाए जाने से उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। आसिफ़ असलम ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उनको जो जिम्मेदारी सौंपी है,उसको वे पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूरा करेंगे तथा पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। कहा कि अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी तथा अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे।



आसिफ़ असलम

# बंद पड़े मैरिज हॉल में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सिंचाई कालोनी के निकट स्थित सील लगने के कारण बंद पड़े मेरिज हॉल में अचानक आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाया। सम्पत्ति स्वामी के मुताबिक आग से लाखों रुपए का नुक़सान हुआ है।

हाईवे पर स्थित जैन पेट्रोल पंप के पास नगर के मुहल्ला नौधना निवासी सरफराज अहमद, मौ. शादाब, मौ. फैजान, मौ. फाहद और जीशान का मैरिज हॉल था। सन् 2022 में तीन भाइयों शरफराज, शादाब और फैजान पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज होने के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर पूरी सम्पत्ति को सील कर दिया गया था। जिसमें मेरिज हॉल के साथ-साथ वहां बने कमरे में लाखों रुपए के मोटर साइकिल के पार्ट्स भी बंद कर दिये गए थे। वर्षो से बंद पड़ी होने के कारण इसमें काफी झाड़ियां उग आयी हैं। बृहस्पतिवार की शाम 5 बजे आसपास के कुछ लोगों ने मैरिज हॉल के कमरे से धुआं उठता देख आग लगने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस द्वारा तत्काल फायर बिग्रेड को बुलाया गया। मैरिज हॉल के मेन गेट सहित अंदर के दरवाजों पर सील लगी होने के कारण अंदर जाने में तहसील के अधिकारियों ने आने तक असमर्थता व्यक्त की। इस दौरान अचानक आंधी आ जाने से आग भी भड़क उठी। खराब मौसम के बीच लगभग एक घंटा लेखपाल छत्रपाल सिंह के पहुंचने पर दमकल कर्मी दीवार फांदकर घनी झाड़ियों के बीच अंदर पहुंचे और कड़ी मशक्कत कर आग को बुझाया। सम्पत्ति स्वामी मौ.फाहद ने बताया कि एक साल पहले भी बंद मैरिज हॉल में अज्ञात कारणों से आग लगी थी,जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से कर आग लगाए जाने की आशंका जताई थी। उस समय आग में उनका लाखों रुपए का सामान जल गया था। इस बार भी उनका काफी नुक़सान हुआ है। उन्होंने कहा कि ये सम्पत्ति पांच भाइयों की है, जिनमें तीन पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई, उनके साथ हमारे दो और भाइयों की सम्पत्ति की सील कर दी गई है। उधर पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री के बेटे की शादी के मामले में दो फॉरेस्ट गार्ड सस्पेंड, रेंजर और वन दरोगा हटाये गये

**हरिद्वार (चिंगारी)।** राजाजी टाइगर रिजर्व की हरिद्वार रेंज स्थित मां सुरेश्वरी देवी मंदिर में सूबे के कैबिनेट मंत्री खजान दास के बेटे की शादी कराने के मामले की जांच में नया मोड़ आ गया है। मामले में दो अधिकारियों और दो कर्मचारियों पर गाज गिरी है। जिसके तहत दो फॉरेस्ट गार्ड सस्पेंड किए गए हैं, तो रेंजर और वन दरोगा भी हटाए गए हैं।

लापरवाही बरतने पर सुरेश्वरी देवी मंदिर गेट पर तैनात दो फॉरेस्ट गार्ड सस्पेंड कर दिए गए हैं। इसमें रानीपुर गेट पर तैनात फॉरेस्ट गार्ड अमित सैनी और अभिषेक कंडारी को लापरवाही पर तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। जांच अधिकारी अजय लिंगवाल की संस्तुति पर राजाजी टाइगर रिजर्व के वर्तमान निदेशक राजीव धीमान की ओर से यह कार्रवाई की गई है। इसके अलावा दो अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। जिसमें हरिद्वार रेंज के रेंजर महेश सेमवाल और सुरेश्वरी देवी सेक्शन में तैनात वन दारोगा अमृता को हटा दिया गया है। महेश सेमवाल पर मोतीचूर और हरिद्वार दो रेंजों का चार्ज था। जांच के बाद उनसे हरिद्वार रेंज का अतिरिक्त चार्ज हटा दिया है। उनकी जगह आभा रतूड़ी को हरिद्वार रेंज का चार्ज दिया गया।

मालूम हो कि 26 अप्रैल को राजाजी टाइगर रिजर्व की हरिद्वार रेंज के अंतर्गत आने वाले सुरेश्वरी देवी मंदिर में उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री खजान दास के बेटे की शादी हुई थी। शादी से एक दिन पहले ट्रकों के जरिए टेंट, कूलर, सोफे, कुर्सी और अन्य साज सजावट के सामान मंदिर पहुंचाए गए। मंदिर परिसर को सजाया गया और फोटो-वीडियो सामने आने के बाद विवाद हो गया।

यह विवाद शादी की परमिशन को लेकर खड़ा हुआ था। क्योंकि, जिस स्थान पर शादी होनी थी, वो रिजर्व फॉरेस्ट के अंतर्गत आता है। वहां एनटीसीए, कोर्ट और एनजीटी की तमाम गाइडलाइन के चलते कोई शोर शराबे वाला आयोजन हो ही नहीं सकता। हालांकि, मामले ने तूल पकड़ा तो तमाम सामान तत्काल प्रभाव से हटा लिया गया।

इसके बाद साधारण तरीके से शादी भी संपन्न हो गई, लेकिन वन निदेशक राजीव धीमान की ओर से मामले की जांच बैठाई गई और राजाजी टाइगर रिजर्व के वार्डन अजय लिंगवाल को जांच अधिकारी बनाया गया। उनकी जांच के उपरांत ही वन निदेशक राजीव धीमान की ओर से यह कार्रवाई की गई है।

> **"राजाजी टाइगर रिजर्व एक संवेदनशील क्षेत्र है। खुद सुप्रीम कोर्ट इसको देखते हैं नियमों की अवहेलना करने पर ही कार्रवाई की गई है। जांच और कार्रवाई इसलिए की जा रही है। ताकि, भविष्य में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और कोई दिक्कत न हो। -रंजन कुमार मिश्रा, प्रमुख वन संरक्षक**



# पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार

**कोटद्वार (चिंगारी)। पुलिस ने कौड़िया कैंप निवासी एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। बाजार चौकी इंचार्ज विनोद कुमार चपराणा ने बताया कि धारा 60 एक्साइज एक्ट के आरोपी रतिराम पुत्र गोपाल राम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।**

# जनपद में फिर शुरू हुआ राशन कार्ड सत्यापन अभियान

**अपात्र राशन कार्ड धारक के खिलाफ कार्रवाई होगी इस दौरान**

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जनपद राशनकार्डों का सत्यापन अभियान फिर शुरू किया गया है। जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुपालन में जनपद में ऐसे राशनकार्डों का सत्यापन अभियान प्रारम्भ किया गया है, जो उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड दोनों राज्यों से राशनकार्ड के माध्यम से आयुष्मान, गैस कनेक्शन आदि सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं अथवा जो अपात्र श्रेणी में आते हैं। जिला खाद्य पूर्ति अधिकारी अरुण कुमार वर्मा ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अपात्र राशनकार्ड धारकों के राशनकार्ड निरस्त किए जाएंगे तथा उनसे राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 के तहत वसूली आदि की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कार्डधारक निर्धारित मानकों के अनुरूप पात्र नहीं हैं, तो वे अपना राशनकार्ड तत्काल संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, खण्ड विकास कार्यालय अथवा संबंधित ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि सत्यापन के दौरान कोई राशनकार्ड अपात्र पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने राशनकार्ड धारकों से अनुरोध किया कि वे इस अभियान में सहयोग प्रदान करें। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक कार्यालय/गोदाम आदि से संपर्क किया जा सकता है।

# महाविद्यालय में हुईं वाद-विवाद, निबंध व चार्ट प्रतियोगिताएं

## विजेताओं को प्राचार्य ने किया पुरस्कृत

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में वाणिज्य परिषद के तत्वावधान में आयोजित तत्क्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता तथा चार्ट प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डी. एस. नेगी द्वारा पुरस्कृत किया गया। विभाग प्रभारी प्रो. प्रीति रानी ने बताया कि सत्र 2025-26 में वाणिज्य विभाग परिषद की ओर से उत्तराखंड में पर्यटन की संभावनाएं, सोशल मीडिया, महिला सशक्तीकरण, उद्यमिता विकास, इजरायल-ईरान युद्ध का भारतीय अर्थव्यवस्था पर प्रभाव, उत्तराखंड में बेरोजगारी एवं पलायन की समस्या तथा शेयर मार्केट में निवेश जैसे विषयों पर तत्क्षण वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मोहम्मद मुदस्सिर ने प्रथम, अपूर्वा रावत ने द्वितीय स्थान एवं आयुष प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं यू एस ईरान युद्ध का भारत पर प्रभाव विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में नंदिनी गुप्ता ने प्रथम, साक्षी चौहान ने द्वितीय तथा मोहम्मद मुदस्सिर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चार्ट प्रतियोगिता में नंदिनी गुप्ता ने प्रथम, अपूर्वा रावत ने द्वितीय तथा कुमकुम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान डॉ प्रियंका अग्रवाल व डॉ संदीप अग्रवाल सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# डीएम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुगड्डा आईं निरीक्षण में व्यवस्थागत खामियों पर नाराजगी जताई

## प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश

**कोटद्वार (चिंगारी)।** जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र दुगड्डा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की जर्जर स्थिति, चिकित्सा सुविधाओं की कमी एवं व्यवस्थागत खामियों पर गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये। वहीं अव्यवस्थाओं को लेकर प्रभारी चिकित्साधिकारी का वेतन रोकने के निर्देश भी दिये।



जिलाधिकारी ने पीएचसी भवन की जर्जर स्थिति पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि यदि भवन उपयोग के योग्य नहीं है तो उसे ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए, अन्यथा प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रचार-प्रसार सामग्री के लंबे समय से भंडारण पर नाराजगी जताते हुए इसे ग्रामीण क्षेत्रों में शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए, ताकि योजनाओं की जानकारी अधिकाधिक लोगों तक पहुंच सके। वहीं लैब टेक्नीशियन एवं डायग्नोस्टिक सुविधाओं के अभाव को भी उन्होंने गंभीर लापरवाही माना। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आशा समन्वयक द्वारा गर्भवती महिलाओं एवं संस्थागत प्रसवों का समुचित सत्यापन नहीं किया जा रहा है तथा जमीनी स्तर पर निगरानी भी प्रभावी नहीं है। इस पर उन्होंने सीएमओ कार्यालय को तत्काल सत्यापन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि समयबद्ध तरीके से सत्यापन नहीं किया गया तो संबंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उपकरणों की जानकारी लेने पर स्टॉक रजिस्टर भी नहीं पाया गया, जिस पर प्रभारी चिकित्साधिकारी की अनभिज्ञता पर नाराजगी जताते हुए सभी उपकरणों का अद्यतन रजिस्टर तैयार करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. शिवमोहन शुक्ला, प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अश्वनी, नायब तहसीलदार राजेंद्र सेमवाल, खंड विकास अधिकारी विद्यादत्त रतूड़ी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी

**कोटद्वार (चिंगारी)।** आत्मा योजना के अंतर्गत कृषि सूचना केंद्र कोटद्वार में दुगड्डा ब्लाक के किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में किसानों को वर्ष 2026-27 के लिए कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान कृषि एवं खाद्य संरक्षण अधिकारी राजवीर सिंह ने किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। ब्लॉक प्रभारी केहर सिंह चौधरी ने कहा कि शीघ्र ही न्याय पंचायत स्तर पर पीएम किसान सम्मान निधि का शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पावर टिलर के लिए 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है, जिसका किसानों को लाभ उठाना चाहिए। उद्यान विभाग से सागर चौधरी ने कहा कि जो किसान पॉली हाउस लगाना चाहते हैं उसमें भी सरकार 80 प्रतिशत की छूट दे रही है। मौके पर सुखपाल शाह को दुगड्डा ब्लाक की किसान सलाहकार समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर कृषि विभाग से शशि मोहन बिंजोला, दीपशिखा, ममता, प्रीति, पशुपालन विभाग से स्मिता भंडारी, रेशम विभाग से यशपाल सिंह उपस्थित रहे।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

# विवेक विश्वविद्यालय में पावर प्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन

## सारा फातिमा रही प्रथम स्थान पर



**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं विश्लेषणात्मक कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से भारत की पंचवर्षीय आर्थिक योजनाओं का समालोचनात्मक विश्लेषण विषय पर एक पावर प्वाइंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में एम.बी.ए, बी.बी.ए. एवं बी.कॉम. के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की विशेषता यह थी कि प्रत्येक छात्र को भारत की एक विशेष पंचवर्षीय योजना आवंटित की गई थी। विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी प्रस्तुतियों में संबंधित योजना का परिचय, उद्देश्य, नीतियां, उपलब्धियां, कमियां, प्रभाव, बजट तथा निष्कर्ष को सरल एवं विश्लेषणात्मक रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सारा फातिमा, त्रिशिका, खुशीपाल, वंशिका, काव्य, अर्शी नाज, आकृति, शुभ, विभूति, परिधि, वृद्धि एवं तनिष्का ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा सारा फातिमा ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान परिधि वर्मा, बी.कॉम. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान बीबीए प्रथम वर्ष के छात्र शुभ शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सीईओ अनिल शर्मा, कुलपति प्रो. एनके गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. हितेश शर्मा एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स के डीन डॉ.सर्वेश कुमार शीतल द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने अपने संदेश में कहा कि विश्वविद्यालय में इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में नीतिगत समझ के साथ-साथ तार्किक विश्लेषण की क्षमता को विकसित करना है। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति इंजीनियर दीपक मित्तल ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल जानकारी होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसका विश्लेषण एवं व्यवहारिक उपयोग करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालय के सी.ई.ओ. अनिल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं संप्रेषण कौशल का विकास होता है।

विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. हितेश शर्मा ने विद्यार्थियों को नवीन सोच विकसित करने तथा विषय की गहराई को समझने की आवश्यकता पर बल दिया। निर्णायक मंडल में स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज की असि. प्रो. स्वाति एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एण्ड कॉमर्स के असि. प्रो. विश्वजीत सिंह शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एम.बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा तनु चौधरी एवं अंशिका विश्नोई ने संयुक्त रूप से किया।

# रतनपुर खुर्द के विकास का जो सपना ग्रामीणों को दिखाया था, उसे पूरा कर रहीं प्रधान संगीता

## विद्यालय के कायाकल्प के 19 बिंदु पूरे किये गये



ग्राम प्रधान संगीता

**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र की रतनपुर खुर्द पंचायत की ग्राम प्रधान संगीता ने गांव के चहुंमुखी विकास कराने का जो सपना लोगों को दिखाया था, वह उसे पूरा करने में जुटी हैं। अपने पति मा. दुष्यंत कुमार के सहयोग से शुरू किया गया उनका यह विकास रूपी अभियान आज भी जारी है। उनके इस समर्पण की गांव व क्षेत्र में काफी चर्चाएं हैं। उनके प्रयासों का परिणाम है कि प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प कर 19 बिंदु पूरे कराए गए। पेयजल हेतु ओवरहेड टैंक, पंचायत घर, सुलभ शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग से 810 मी., विधायक निधि से 150 और प्रमुख निधि से 130 मी. सड़कों का निर्माण कराकर महती भूमिका निभाई तथा जाट, हरिजन, वैश्य आदि बस्तियों के गली-मोहल्लों की सड़कों पर सीसी एवं इंटरलॉकिंग कार्य पंचायत निधि से कराया गया। ग्राम प्रधान संगीता ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम समाज की आराजी एवं नारी सम्मान उनकी प्रथम प्राथमिकताओं में रहा, इसलिए भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया और समय-समय पर महिला शक्ति मिशन की बैठक आयोजित की गई, जिससे नारी सशक्तिकरण और नारी सुरक्षा को बढ़ावा मिला तथा वृद्धा, विधवा, विकलांग और जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र आदि प्रशासनिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर उनका सफलतापूर्वक संचालन किया गया। गांव में कराए जा रहे विकास कार्य को लेकर ग्राम प्रधान संगीता काफी उत्साहित हैं। उनका कहना है कि चहुंमुखी विकास कर गांव रतनपुर खुर्द को रतन बनाने का जो लोगों से वादा किया गया था, उसी के लिए वह 5 साल तक प्रयासरत रहीं, जो आज भी जारी है।

# ट्रैक्टर से गिरी बच्ची की रोटोवेटर की चपेट में आने से दर्दनाक मौत

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के एक गांव में खेत की जुताई करने के दौरान पिता के साथ ट्रैक्टर पर बैठी एक मासूम बच्ची ट्रैक्टर से गिरकर रोटावेटर की चपेट में आ गई। इस दर्दनाक हादसे में मासूम की मौके पर ही मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार की सायं ग्राम नूरपुर अरब निवासी मो. अखलाक खेत की जुताई कर रहा था। इस दौरान ट्रैक्टर पर उसकी 3 साल की मासूम बेटी मुस्कान भी बैठी हुई थी, जबकि ट्रैक्टर के पीछे रोटावेटर लगा हुआ था। इसी दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से मासूम मुस्कान ट्रैक्टर से नीचे गिर गई और ट्रैक्टर के पीछे लगे रोटावेटर में फंस गई। हादसा इतना भीषण था कि बच्ची पल भर में ही गंभीर रूप से घायल हो गई और तुरंत ही उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह हादसा इतना दर्दनाक था कि जिसने भी देखा उसकी आंखें नम हो गईं। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## आरबीडी महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन

# जनजातीय गौरव के प्रतीक हैं बिरसा मुंडा- प्रो. रवीन्द्र




**बिजनौर (चिंगारी)।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय, बिजनौर एवं उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बिरसा मुंडा आदिवासी संस्कृति, परम्परा और विरासत के प्रतीक विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन किया गया।

द्वितीय दिन सर्वप्रथम तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। चतुर्थ तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. सोनल शुक्ला, एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी विभाग, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर एवं डॉ. नेमिका सहायक प्रोफेसर, डी.ए.के. कॉलेज, मुरादाबाद के द्वारा की गई। इसी के समानांतर पंचम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. योगेंद्र सिंह, भौतिकी विभाग, के.जी.के. कॉलेज, मुरादाबाद एवं डॉ. प्रीति सिंह अंग्रेजी विभाग, के.एल.एस.एम.एम., मेरठ के द्वारा की गई। तकनीकी सत्र में 30 शोध पत्र पढ़े गए। तकनीकी सत्र का संचालन डॉ. अल्पना एवं डॉ. वर्षा ने किया।

समापन सत्र में बीज वक्ता, प्रो. श्रवण कुमार शर्मा, नालंदा विश्वविद्यालय, बिहार, विशिष्ट अतिथि प्रो. पूनम चौहान, प्राचार्या, एस.बी.डी. कॉलेज, धामपुर, मुख्य वक्ता डॉ. संदीप कुमार, एसोसिएट प्रोफेसर, जी.डी.सी. गढ़मुक्तेश्वर, मुख्य वक्ता प्रो. रविंद्र कुमार, प्रोफेसर एवं हेड सी.सी.एस. विश्वविद्यालय मेरठ, जयप्रकाश, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं हेड, अंग्रेजी विभाग, गवर्नमेंट मॉडल डिग्री कॉलेज, नबरंगपुर, ओडिशा, समन्वयक एवं प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी, सहसमन्वयक डॉ. शताक्षी चौधरी, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ. दीपा को ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो. श्रवण कुमार शर्मा ने अपने बीज वक्तव्य में कहा कि जीवन असल में संघर्षों की ही एक अविरल धारा है। बिरसा मुंडा का जीवन हमें सिखाता है कि युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि अपने अस्तित्व और आत्मसम्मान के लिए हर दिन लड़ा जाता है। प्रो. रवींद्र ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सर्वप्रथम विद्रोही शब्द का अर्थ स्पष्ट किया। उन्होंने बिरसा मुंडा जी के बारे में कहा कि वे केवल एक विद्रोही नहीं, बल्कि एक समाज सुधारक, आध्यात्मिक नेता और जनजातीय गौरव के प्रतीक थे। अंत में डॉ. दीपा ने दो दिवसीय सेमिनार की आख्या प्रस्तुत की तथा प्राचार्या प्रो. पारुल त्यागी के द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया। संचालन डॉ. दीपा, डॉ. शताक्षी, डॉ. आस्था ने संयुक्त रूप से किया।

# आंधी-तूफान से पेड़ व बिजली की लाइनें टूटी, जुमेरात बाजार में मची भगदड़

नजीबाबाद ( चिंगारी )। बीती शाम अचानक तेज आंधी व तूफान से पेड़ धाराशायी हो गये तथा बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त होने से काफी घंटों के लिए बिजली व्यवस्था ठप हो गई। आंधी-तूफान से गरीब लोगों के छप्पर व टिनशेड के घरों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। जिससे उनका सामान हवा में उड़ने से काफी नुकसान हुआ है। तूफान के बाद पूरे शहर की बिजली व्यवस्था ठप हो गई। साहनपुर फीडर की बिजली व्यवस्था देर रात में करीब सात आठ घंटे बाद बहाल हो सकी। आंधी के बाद बिजली विभाग टूटी लाइनों को रात भर ठीक करने के काम में जुटा रहा। आंधी-तूफान से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। आंधी-तूफान अचानक तेज आने से राजारामपुर के समीप लगने वाले जुमेरात बाजार में हड़कंप मच गया। तेज हवा से दुकानदारों के खुले मैदान में फड़ों पर लगा काफी सामान कपड़ा आदि हवा में उड़ गया। साथ ही बाजार में भगदड़ मच गयी। काफी संख्या में महिलाओं व दुकानदारों ने पुल के नीचे व पास में स्थित बारातघर में शरण लेकर आंधी-तूफान की चपेट में आने से अपने आपको बचाया। आंधी तूफान के साथ बारिश व ओलावृष्टि से मौसम सुहाना हो गया। पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज गर्मी से लोगों को काफी हद तक राहत मिली।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स



Neal Rajput (M.B.B.S) · Pranab Rajput (M.B.B.S) · Roopali (M.B.B.S) · Vanshika Singh (IIT) · Avantika Rana (M.B.B.S) · Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

# हाई वोल्टेज आने से बिजली के मीटर व उपकरण फुंके

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगर के मौहल्ला टकसाल में बंसल मेडिकल स्टोर के स्वामी योगेश बंसल के घर के मीटर में शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे अचानक आग लग गई, जिससे हड़कंप मच गया। आग लगते ही मकान स्वामी ने रेत डालकर आग बुझाई। मकान स्वामी ने बताया कि बीती रात तेज आंधी व तूफान के बाद लाइट गुल होने के बाद रात में लगभग 12 बजे के करीब लो व हाई वोल्टेज लाइट आई। जिससे मौहल्ले में कई परिवारों के बिजली उपकरण व बिजली के मीटर में आग लग गई। जिसके बाद तुरंत बिजली विभाग को सूचित कर बिजली लाइन बंद कराई गई। मौहल्ला टकसाल में मुकेश शर्मा, शुभम वर्मा व योगेश बंसल के मीटर में आग लगी। जबकि पंकज अग्रवाल, आलोक बूटी व पुनीत जैन के परिवारों के बिजली के उपकरण खराब हो गये।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans





सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476




# चेयरमैन इंजी. मुअज्जम ने एमजीएम इंटर कॉलेज में शुरू कराई स्मार्ट क्लास

नजीबाबाद ( चिंगारी )। नगरपालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम एमजीएम इंटर कॉलेज को शहर का सबसे अच्छा कॉलेज बनाने के लिए पूरी तरह से प्रयासरत हैं। नगर पालिका परिषद बोर्ड के अधीन संचालित इस इंटर कॉलेज में पालिकाध्यक्ष ने स्मार्ट क्लास की शुरूआत कराई है। इस तरह की स्मार्ट क्लास जिले में अभी तक किसी भी सरकारी स्कूल

**मार्ट डिजिटल बोर्ड, साइंस लैब व कम्प्यूटर लैब शुरू कराई**



में नहीं है। इंजीनियर मुअज्जम ने चेयरमैन बनने से पूर्व शहरवासियों से एमजीएम इंटर कॉलेज को अच्छा बनाने का चुनावी वादा किया था। चेयरमैन पद की शपथ लेने के बाद इंजीनियर मुअज्जम ने एमजीएम इंटर कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था सुधारने व कॉलेज में बच्चों के प्रवेश बढ़ाने के प्रयास में लग गये थे। चेयरमैन इस संबंध में नगर के गणमान्य लोगों के साथ बैठकें कर उनका शिक्षा व्यवस्था में सुधार कराने के लिए समय-समय पर सुझाव लेने के साथ बच्चों के एडमीशन एमजीएम इंटर कॉलेज में कराने की अपील भी की थी। पालिकाध्यक्ष इंजी. मुअज्जम ने अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए एमजीएम इंटर कॉलेज के बच्चों को अब डिजीटल पढ़ाई का तोहफा दिया है। जिसके तहत इस कालेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए ब्लैक बोर्ड की जगह स्मार्ट डिजिटल बोर्ड, लैब, एक्स्ट्रा इंग्लिश स्पीकिंग क्लालेस, कंप्यूटर लैब, सीसीटीवी कैमरे व वाईफाई कैंपस के साथ कॉलेज में शानदार लाइब्रेरी भी बनने जा रही है। इस अवसर पर चेयरमैन इंजीनियर मोअज्जम ने बताया कि एमजीएम इंटर कॉलेज (गांधी स्कूल) में 3 मई को साइंस उग्जिबिशन लगने जा रही है, जो सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक होगी। कॉलेज में एडमिशन में ओपन हो गए हैं। नगरवासी अपने बच्चों के एडमीशन जल्द करायें।

# डॉक्टर बनकर ग्रामीण क्षेत्र में सेवाएं देना है अलीना का उद्देश्य

मंडवली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली निवासी फुरकान अहमद की बेटी अलीना खातून ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटरमीडिएट की परीक्षा में सेंट मैरिस इंटर कॉलेज टॉप कर अपने क्षेत्र व कॉलेज का नाम रोशन किया है। अलीना खातून ने इंटरमीडिएट की विज्ञान वर्ग (बायोलॉजी) की परीक्षा में 87.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज को टॉप किया है। कॉलेज टॉप करने पर उसके परिवार में खुशी का माहौल है। अलीना खातून ने हाईस्कूल की परीक्षा में भी सेंट मैरिस कॉलेज को टॉप किया था। अलीना खातून ने बताया कि इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह एक डॉक्टर बनना चाहती है, डॉक्टर बनने के बाद ग्रामीण क्षेत्र में सेवाएं देना ही उसका उद्देश्य है। उसके बड़े भाई अरमान अंसारी भी डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे है, उन्हीं की प्रेरणा से वह भी डॉक्टर बनना चाहती हैं। अलीना ने इसका श्रेय अपने परिजनों व गुरुजनों को दिया। अलीना खातून की छोटी बहन शाहिब ने भी हाई स्कूल की परीक्षा में 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इस उपलब्धि पर अफसाना, अदनान, अलीशा व कॉलेज के फादर जोंस आलूकल, प्रधानाचार्य सिस्टर शीबा अगस्टी, शिक्षक आलोक त्यागी, शैलेश कुमार, पंकज सिंह, महेश कुमार, गजे सिंह आदि ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# भीषण गर्मी में राहत, जल जीवन मिशन के तहत ठंडा पेयजल वितरण




नजीबाबाद ( चिंगारी )। जल जीवन मिशन के अंतर्गत विंध्या टेलीलिंक लिमिटेड द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए वर्कर्स एवं राहगीरों के लिए ठंडा पेयजल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को हीट स्ट्रेस से बचाव के प्रति जागरूक करना एवं 'सेफ्टी फर्स्ट' का संदेश देना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोगों को गर्मी में सुरक्षित रहने के उपाय बताए व नियमित रूप से पानी पीने की अपील की। साथ ही कार्यस्थल पर सुरक्षा नियमों का पालन करने के महत्व पर भी जोर दिया। इस अवसर पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी शाने अब्बास एवं प्रबंधक कौशल सिंह के साथ सीनियर जीएम संजय हंडू, नरपाल कुमार, नीरज, कृष्णानंद तथा छतरपाल सिंह (साइट इंजीनियर) भी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया व लोगों को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

# जो काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं- योगी

## विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री योगी का सपा पर प्रहार- महिला सशक्तीकरण को बताया सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र में मुख्यमंत्री ने विपक्ष खासतौर पर समाजवादी पार्टी व कांग्रेस पर तीखा हमला किया। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा का प्रस्ताव भी रखा। मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि जब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा व परिश्रम से लोहा मनवा रही हैं और बेहतरीन नेतृत्व दे रही हैं, तो आप (सपा) लोग क्यों बाधक बन रहे हैं? मुख्यमंत्री ने कटाक्ष किया कि जो लोग काले कर्मों से राजमहल सजाते हैं, वही इतिहास में कलंक बन जाते हैं। योगी ने कहा कि 17 अप्रैल को लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम का महत्वपूर्ण प्रस्ताव गिराकर समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, डीएमके और टीएमसी ने अपने ऊपर कलंक लगाने का काम किया है। सदन में प्रस्ताव गिरते ही एक-दूसरे को बधाई दी और नारेबाजी की कि हमने महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं होने दिया। यह आपका (कांग्रेस व सप का) आचरण था, जिससे पूरा सदन और पूरा देश आहत है। इसी श्रृंखला में हम आज इस सदन में चर्चा करने आए हैं। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर सदन में चर्चा होनी चाहिए, ताकि उन कारकों को चिन्हित किया जा सके जो महिला स्वावलंबन और सशक्तिकरण में बाधक हैं। वर्तमान में भारतीय संसद में महिलाओं की संख्या मात्र 15 प्रतिशत है, जबकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में यह केवल 11-12 प्रतिशत तक सीमित है। यदि 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए तो आधी आबादी को उनके अधिकारों के अनुरूप प्रतिनिधित्व मिल सकेगा और महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर प्रभावी चर्चा हो सकेगी। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अक्टूबर 2014 में प्रधानमंत्री मोदी का शुरू किया गया स्वच्छ भारत अभियान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं था, बल्कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से भी जुड़ा था। समाजवादी पार्टी ने इस योजना का लगातार विरोध किया। उत्तर प्रदेश में कुल दो करोड़ 61 लाख शौचालय बनाए गए। पूरे देश में 12 करोड़ शौचालय बने। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पूरे देश में चार करोड़ गरीबों को आवास दिए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश के 65 लाख परिवार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 10 करोड़ महिलाओं को फ्री एलपीजी कनेक्शन दिए गए हैं और 50 करोड़ महिलाओं को आयुष्मान भारत के तहत पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधा और 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन मिल रहा है।

# महिला आरक्षण पर यूपी विधानसभा में हंगामा

## सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस और टकराव देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने साफ तौर पर कहा कि यह मुद्दा केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र का है, इसलिए इस पर राज्य विधानसभा में चर्चा नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने सरकार के प्रस्ताव का विरोध करते हुए आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उनके इस बयान के बाद सदन में माहौल गरमा गया। वहीं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने विपक्ष के रुख पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह मुद्दा पूरे देश व प्रदेश की महिलाओं के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है। विपक्ष द्वारा इस पर सवाल उठाना दुर्भाग्यपूर्ण है। स्थिति को संभालने के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने हस्तक्षेप किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी विषय पर सदन में चर्चा कराई जा सकती है और अध्यक्ष को विशेष अधिकार प्राप्त हैं, जिनका प्रयोग करते हुए इस विषय पर चर्चा कराई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि अभी चर्चा शुरू भी नहीं हुई है और विपक्ष पहले से ही उतावला दिखाई दे रहा है। उन्होंने विशेष सत्र के आयोजन के लिए सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि वर्ष 2023 में केंद्र सरकार द्वारा पारित महिला वंदन अधिनियम महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि इस प्रावधान के तहत महिलाओं की हिस्सेदारी 33 प्रतिशत सुनिश्चित की जा रही है, जो अन्य प्रतिनिधित्व को जोड़ने पर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आधी आबादी के लिए उठाए जा रहे सकारात्मक कदम भी उन्हें स्वीकार नहीं हैं, जो उनके दृष्टिकोण को दर्शाता है।





विधानसभा परिसर के बाहर प्रदर्शन करते सपा विधायक



सभी देशवासियों, श्रमिकों, शिक्षकों, कर्मचारियों व सर्वहारा समाज को मई दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शिकागो के शहीदों को शत-शत नमन



सुरेन्द्र मलिक
वरिष्ठ शिक्षक नेता
मुहल्ला साहुवान चांदपुर (बिजनौर)

## आंधी से रात भर क्षेत्र की बिजली रही गुल

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गुरुवार की शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला और देखते ही देखते चली तेज हवाओं के बाद फिर झमाझम बारिश हो गई। मौसम के इस बदले मिजाज से लोगों ने गर्मी से तो बहुत राहत महसूस की मगर पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई, जिससे जहां एक ओर इनवर्टर न हो पाने वाले घरों में अंधेरा छा गया वहीं दूसरी ओर गांवों की सड़कों व गली-कूचों में भी पथ प्रकाश चौपट हो गया। बिजली कर्मचारी इस्लामुद्दीन ने बताया कि आंधी और बारिश से बिजली की बड़ी लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण 132/33 केवी भिक्कावाला पावर हाउस ने 33/11 केवी लाइन को ब्रेकडाउन में डाल दिया जिस कारण बादीगढ़-केहरीपुर मार्ग पर स्थित सब स्टेशन मानियावाला सहित संबंधित सभी गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई।

## टैलेंट हंट प्रतियोगिता में पाया दूसरा स्थान

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** एचसीएम इंटर कॉलेज कासमपुर गढ़ी के इंटरमीडिएट के छात्र जितेंद्र सिंह ने दिशा ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस धामपुर द्वारा बीते 25 दिसंबर को आयोजित छात्रवृत्ति परीक्षा दिशा कौशल कुंभ (ए टैलेंट हंट एग्जामिनेशन) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने घर-परिवार व कॉलेज का नाम रोशन किया है जिसे दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन धामपुर में इस उपलब्धि के लिए गुरुवार को प्रशस्ति पत्र व 11000 रुपए का चेक भेंट किया गया है। एचसीएम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रमेश चक्रवर्ती ने जितेंद्र सिंह को इस उपलब्धि पर सम्मानित किया है। उन्होंने बताया कि जितेंद्र सिंह ने इस वर्ष की इंटरमीडिएट परीक्षा में भी कॉलेज स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया है।



# सिमराह स्कूल में टीकाकरण शिविर का आयोजन किया

## छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के बाद लगाये गये टीके

**धामपुर ( चिंगारी )।** शेरकोट रोड़ स्थित सिमराह इण्टरनेशनल स्कूल में सरकार के दिशा निर्देशों के तहत कक्षा 1 के विद्यार्थियों के लिए एकदिवसीय डिप्थीरिया, काली खांसी, टेटनस, कक्षा पांच एवं दस के लिए टेटनस एवं डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, धामपुर के सहयोग से स्कूल परिसर में प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी डॉक्टर निशी रानी, रेनू चौहान, कोमिता चौहान व विमलेश देवी द्वारा बच्चों की प्राथमिक स्वास्थ्य जांच के बाद अभिभावकों की सहमति से टीके लगाए गए। टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा गया, ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


सिमराह इण्टरनेशनल स्कूल में टीकाकरण शिविर।

टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है जिसमें बच्चों के खान–पान व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी देने के अलावा बच्चों को गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए डिप्थीरिया एवं टिटनेस के टीके लगाए जा रहे हैं । इसके पहले चरण में कक्षा 5 व कक्षा 10 के छात्र–छात्राओं ने टीकाकरण अभियान में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य मंसूर खान ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और सरकार द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियानों में सभी शिक्षकों व अभिवावकों से सक्रिय भागीदारी करने की अपील की। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में रोहित गुप्ता, पल्लवी व समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

# ज्ञानी जसवीर सिंह ने गुरु नानक देव की मरदाना से मित्रता का प्रसंग सुनाया

## माता सुन्दरी दल ने किया कीर्तन से संगत को निहाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में माता सुंदरी दल के जत्थे ने गुरबाणी के अमोलक कीर्तन की प्रस्तुतियों से संगत को निहाल किया। कार्यक्रम में गुरुवाणी प्रचारक ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने बताया कि काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार के परित्याग से ही गुरुवाणी कीर्तन श्रवण को सार्थक रूप दिला पाना संभव है।

उन्होंने पहली पातशाही साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज के अंतरंगमित्र रबाब वादक भाई मरदाना के जीवन से जुड़े उदाहरण की चर्चा करते बताया कि उनकी पत्नी उनसे कहती थी कि पड़ोस की महिलाएं यह ताने देती हैं कि तेरा पति मुसलमान होते हुए हिंदू (गुरु नानक) के साथ रहता है ,के उत्तर में मरदाना ने कहा कि गुरु नानक देव जी महाराज जात पात और भेदभाव की भावना से ऊपर उठकर हिंदू और मुसलमान के फकीर ना होकर सबके सांझे गुरु हैं लेकिन पत्नी फिर भी नहीं मानी और कहा कि यदि ऐसा है तो वह हमारे घर भोजन करने क्यों नहीं आते ।पत्नी के मुख से ऐसी बात सुनकर भाई मरदाना जी गुरु नानक देव जी महाराज को भोजन का निमंत्रण देने निकल पड़े लेकिन उस समय उनके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा जब यह देखा कि गुरु नानक देव जी महाराज उसके घर की तरफ आ रहे हैं। इसी बीच गुरु नानक देव जी महाराज ने भाई मरदाना को बताया कि आज का भोजन उन्होंने उनके घर पर करने का निर्णय लिया है और इस समय वह उनके ही घर पर जा रहे हैं।

भाई मरदाना जी पूरे आदर और सम्मान के साथ गुरु नानक देव जी महाराज को अपने घर पर लेकर पहुंचे गुरु नानक देव जी महाराज को अपने घर पर पाकर पत्नी को भी कहना पड़ा कि वास्तव में गुरु नानक देव जी महाराज हिंदू और मुसलमान के फकीर नहीं बल्कि वास्तव में सभी के साझे गुरु हैं।

गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के संरक्षक सरदार सुरेंद्र सिंह चंदन, स्त्री सत्संग सभा की सदस्य सुरेंद्र कौर, नगर पालिका परिषद धामपुर के नामित सभासद सरदार सतमीत सिंह मनी, बीबी सर्वजीत कौर अरोड़ा सरदार जसमान सिंह अरोड़ा तथा रबनूर कौर के संयोजन में गुरुद्वारा के दीवान हाल मे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ माता सुंदरी दल के जत्थेदार ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा के निर्देशन में दल से संबंधित गुरु घर के अमृतधारी सेवकों एवं सेविकाओं ने गुरुवाणी के अमोलक कीर्तन की सामूहिक प्रस्तुतियों से किया ।

# छात्रों के स्वास्थ्य का रखते हुए ध्यान स्कूल में चलाया टीकाकरण अभियान



**धामपुर ( चिंगारी )।** पब्लिक स्कूल में छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए डीपीटी एवं टीडी टीकाकरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के अंतर्गत Class 1st, 4th, 5th एवं 10th के इच्छुक विद्यार्थियों को टीके लगाए गए। टीकाकरण स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से टिंकल रानी एवं कुसुम देवी द्वारा सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से किया गया। इस दौरान सभी आवश्यक सावधानियों का विशेष ध्यान रखा गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती बाबिता गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य हमारे लिए सर्वोपरि है। समय–समय पर इस प्रकार के टीकाकरण से बच्चों को विभिन्न बीमारियों से सुरक्षा मिलती है, इसलिए अभिभावकों को भी इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा एवं सभी विद्यार्थियों को अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

# नाशरा सुआलेह ने परिवार का नाम रोशन किया


नाशरा सुआलेह

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर निवासी नाशरा सुआलेह ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर (छत्तीसगढ़) में आयोजित परीक्षा में फॉरेंसिक मेडिसिन एवं टॉक्सिकोलॉजी (पीएचडी) में प्रथम रैंक प्राप्त कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। नाशरा सुआलेह, स्टेशन रोड निवासी स्वर्गीय डा.सुआलेह अहमद की पुत्री हैं। वह अपने पिता की सबसे बड़ी संतान हैं। उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अपने पिता के सपनों को साकार करने के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया और यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। उनकी इस उपलब्धि पर मौहल्ले वासियों सहित शुभचिंतकों ने परिवार को बधाई दी। नाशरा सुआलेह ने बताया कि अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के एचओडी डा.संजीव लालवाणी, आईजीएच द्वारका के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.पीयूष सांधी तथा सीनियर रेजिडेंट डा.वंशिका ने उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नाशरा की छोटी बहन मदीहा सुआलेह एमबीबीएस और सबसे छोटी बहन उमरा सुआलेह धामपुर में पुष्प निकेतन में सीबीएसई की छात्रा है। इस मौके पर नाशरा सुआलेह के घर पहुंचकर हाजी अनवर जमाल, मोबिन खान, तनवीर आलम, शब्बन प्रधान, डा.दानिश कमाल, मेराजुलहक, ऐजाज़ उल हक़, ताबिश कमाल, रहमान ज़फ़र, आमान आलम, मोहम्मद अनिक जमाल, मोहम्मद अहनाफ आदि ने बधाई दी।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज शिनाख्त मे जुट गये। शुक्रवार को सवेरे पुलिस को सूचना मिली कि महमूदपुर के जंगलों मे रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास कुछ नहीं मिला जिससे मृतक की पहचान नहीं हो पायी । थाना प्रभारी निरीक्षक ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज पुलिस को शिनाख्त करने में लगा दिया । थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लगभग 50 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला है जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है । शिनाख्त के लिए पुलिस टीम लगाई गयी है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर पता चलेगा । प्रथम दृष्टया किसी रेल गाड़ी से नीद की छपकी लगने से व्यक्ति गिर गया है।

## बूंदाबांदी से राहत मिली

**नीन्दडू ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार की देर सांय तीव्र गति से चली हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई जिससे पड़ रही भीष्ण गर्मी से राहत पहुंची। क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना का समाचार नहीं है। बस कुछ समय के लिए बिजली आपूर्ति ठप्प रही जो कुछ समय बाद जारी हो गई परन्तु रात्रि में बिजली विभाग द्वारा नियमानुसार बिजली आपूर्ति कटौती रोज की भांति जारी रही।

# ट्रेडिंग समझौता रद्द करने की मांग

## पीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी बिजनौर को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में भारत–अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेडिंग समझौते का विरोध करते हुए इसे रद्द करने की मांग की गई। गुरुवार को भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष भूदेव सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बिजनौर पहुंचे तथा प्रधानमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी बिजनौर को ज्ञापन दिया। प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि यह समझौता देश के किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे कृषि क्षेत्र पर



नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से इस पर पुनर्विचार करने की अपील की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष भूदेव सिंह, युवा जिला अध्यक्ष रोहित कुमार, राहुल यादव, जिला उपाध्यक्ष कुलदीप सरदार, यशवीर चौधरी, जिला सचिव नितिन कुमार, ग्रामीण अध्यक्ष सुशील चौधरी, जिला प्रवक्ता रोहित कुमार, तहसील उपाध्यक्ष इजरायल, ब्लॉक अध्यक्ष नूरपुर अनिल कुमार, हुकम सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर) सहित बड़ी संख्या में किसान शामिल रहे।

# चारपाई पर सो रहे व्यक्ति पर चढ़ा ट्रैक्टर, मौत

## रहस्यमय ढंग से अपने आप स्टार्ट हो गया ट्रैक्टर

**नांगल सोती (चिंगारी)।** विगत रात्रि ग्राम गौसपुर में चारपाई पर सो रहे व्यक्ति की रहस्यमय ढंग से कुछ दूरी पर खड़े अपने ही ट्रैक्टर के स्टार्ट हो जाने से ट्रैक्टर और दीवार के बीच दबकर मृत्यु हो गई। डीजल होने के बावजूद ट्रैक्टर रहस्यमय तरीके से स्वयं ही बंद भी हो गया। सूचना पर एएसपी (सिटी) तथा सीओ भी मौके पर पहुंचे और घटना की तकनीकी जांच के लिये फोरेंसिक टीम को बुलाया गया।


जांच करती फोरेंसिक टीम

नांगल थानांतर्गत ग्राम तैय्यबपुर गौरवा उर्फ गौसपुर के निवासी विजय सिंह (65 वर्ष) विगत रात्रि अपने घर के बाहरी हिस्से में स्थित खुले बरामदे में चारपाई पर सो रहे थे। उनका ट्रैक्टर चारपाई से कुछ दूरी पर बरामदे के बाहर खड़ा था। रात्रि में किसी समय ट्रैक्टर रहस्यमय ढंग से स्टार्ट होकर चारपाई की तरफ चल पड़ा। ट्रैक्टर की टक्कर से चारपाई के तीन पाये तथा उसमें लगे बांस के डंडे टूट गये। दीवार और ट्रैक्टर के बीच दब जाने से विजय सिंह की मृत्यु हो गई। ट्रैक्टर की टक्कर से एक दीवार टूट गई तथा एक दीवार थोड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैक्टर द्वारा काफी जोर लगाने से एक पहिया मिट्टी के फर्श पर गड्ढा भी बना चुका था।

विजय सिंह के शरीर पर कोई प्रत्यक्ष गंभीर चोट तो नहीं थी, एक पैर और गर्दन पर खरोंच के निशान थे। उसके मुंह से खून भी आया था। तड़के साढ़े चार बजे मृतक की पुत्रवधू पूजा पत्नी सोमेन्द्र घटनास्थल के पास बंधे पशुओं को चारा डालने के लिये बाहर आई, तो उसे घटना का पता लगा। मृतक के पुत्र सोमेन्द्र ने इसकी सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने घटनास्थल पर पहुंचकर सूचना उच्चाधिकारियों को दी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह तथा सीओ नजीबाबाद अंजनी कुमार चतुर्वेदी भी पहुंचे। फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने मृतक के पुत्रों से काफी देर तक घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की। पुलिस ने घटना की जांच हेतु ट्रैक्टर को अपने कब्जे में लिया है। उधर मृतक के बड़े पुत्र कामेन्द्र सिंह ने घटना को इत्तेफाकिया बताते हुए पुलिस को तहरीर दी है तथा घटना के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं चाही गयी है। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि 'इत्तेफाकिया घटना' की तहरीर मिली है, फिर भी मामले की जांच कराई जा रही है। मृतक के पुत्रों से एसओजी की टीम भी पूछताछ कर रही है।

### पुलिस भी हैरत में

गांव के सभी लोग और पुलिस अधिकारी हैरत में हैं कि ट्रैक्टर अपने आप कैसे स्टार्ट हो गया। ट्रैक्टर की टक्कर से दीवार भी टूट गई और ट्रैक्टर के पहिये द्वारा गड्ढा भी हो गया, मगर घटना की किसी को आहट नहीं हुई, फिर ट्रैक्टर के टैंक में पर्याप्त डीजल मौजूद होने के बावजूद वो खुद ही बंद भी हो गया। घटना ने लोगों को घोर आश्चर्य में डाल दिया है। मृतक के परिजनों का कहना है कि पंखों की आवाज में उन्हें घटना की आहट नहीं हुई। मृतक की पत्नी संतोष देवी कल अपने मायके में गई थी। घटना की जानकारी मिलने पर आज सुबह वह वापस लौटी।


मृतक का फाइल फोटो

### महज इत्तेफाक या सुनियोजित घटना ?

पुलिस इस प्रकरण में जांच कर रही है कि ये घटना महज इत्तेफाक है या फिर सुनियोजित तरीके से की गई हत्या। ट्रैक्टर की चाबी अंदर घर में रखी हुई थी। यह जांच का विषय ट्रैक्टर खुद स्टार्ट कैसे हुआ, इसी संदेह के आधार पर पुलिस ने मृतक के परिजनों से काफी देर तक पूछताछ की। घटना की गुत्थी सुलझाने को पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) डा. कृष्ण गोपाल सिंह का कहना है कि प्रथम दृष्टया घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से घटना का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## शाबाश पुष्कर अग्रवाल, परीक्षा में किया कमाल


पुष्कर अग्रवाल के माता-पिता को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते स्कूल प्रबंधक।

**नगीना (चिंगारी)।** सेंट मैरी स्कूल नगीना के दसवीं के होनहार छात्र पुष्कर अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में स्थान पाया है। बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ कमेटी के अध्यक्ष साहू सलिल अग्रवाल के पुत्र व हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल के भतीजे पुष्कर अग्रवाल बड़े होकर इंजीनियर बनना चाहते हैं। उनका कहना है कि उन्होंने निरंतर पढ़ाई पर ध्यान दिया तभी जिले में स्थान के साथ-साथ सेंट मैरी स्कूल में पहला स्थान पाया है। परीक्षाफल घोषित होने के बाद स्कूल पहुंचे पुष्कर अग्रवाल के माता-पिता को स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने पुष्प भेंट कर सम्मानित किया।


नगीना के सेंट मेरी स्कूल में होनहार छात्रों को गुलदस्ता भेंट कर सम्मानित करते स्कूल के प्रबंधक व प्रधानाचार्य।

## सेंट मैरी नगीना का रिजल्ट रहा शानदार, अंकों की हुई बौछार

**नगीना (चिंगारी)।** सेंट मैरी स्कूल नगीना का आईसीएसई बोर्ड का रिजल्ट शानदार रहा। स्कूल के प्रबंधक फादर अनूप व प्रधानाचार्य फादर सेजू ने बताया कि 12वीं में उनके यहां 78 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें से 77 बच्चे सफल हुए। जबकि दसवीं में सभी 105 बच्चे सफल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि दसवीं में छात्र पुष्कर अग्रवाल ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सर्वोच्च स्थान पाया है। जबकि अनाविया जैदी तथा शौर्य चौहान ने संयुक्त रूप से 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान पाया। प्रवीण कुमार राठौर ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि सात विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। 12वीं विज्ञान वर्ग कक्षा में छात्र चर्चित भारती ने 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है, जबकि कार्तिक मेहता तथा मंथन विश्नोई ने 92.25 प्रतिशत प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरा स्थान पाया। जबकि शगुफ्ता और हर्षवर्धन ने 91 प्रतिशत प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। बेहतर रिजल्ट आने पर सभी होनहार विद्यार्थियों को प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने गुलदस्ता भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## चर्चित भारती बने स्कूल टॉपर

**नगीना (चिंगारी)।** सेंट मैरी स्कूल नगीना के 12वीं के होनहार छात्र चर्चित भारती ने आईएससी परीक्षा में 96.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया है। नगर के क्षत्रिय नगर निवासी लेखपाल संघ के नगर अध्यक्ष सत्यवीर सिंह व पुष्पा रानी के घर जन्मे चर्चित भारती का कहना है कि वह बड़ा होकर सॉफ्टवेयर इंजीनियर बनना चाहता है। बास्केटबॉल खेल में विशेष रुचि रखने वाले चर्चित का कहना है कि इस खेल में वह राष्ट्रीय स्तर पर खेल चुका है। स्कूल के अलावा घर पर तीन से चार घंटे नियमित पढ़ाई करने वाले चर्चित मोबाइल पर कम ध्यान देता है, जबकि पढ़ाई में यूट्यूब का सहारा लेता है। चार भाई-बहनों में सबसे छोटे चर्चित का कहना है कि उसे पूरी उम्मीद थी कि वह स्कूल टॉप करेगा। उसने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल के शिक्षक/ शिक्षिकाओं के अलावा अपने माता-पिता को दिया है।


चर्चित भारती को मिठाई खिलाते हुये उसके माता-पिता व बहन

## विधायक मनोज पारस ने भी की भागीदारी

**नगीना (चिंगारी)।** बृहस्पतिवार को लखनऊ विधानसभा परिसर में समाजवादी पार्टी द्वारा महिला आरक्षण को लेकर किये गए प्रदर्शन में स्थानीय सपा विधायक मनोज पारस भी शामिल हुए। विधायक मनोज पारस ने पार्टी के अन्य विधायकों के साथ हाथ में तख्ती लेकर 33 प्रतिशत महिलाओं को आरक्षण दिए जाने की मांग की। विधायक ने कहा कि मौजूदा सरकार के राज में बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं, इसलिए महिला आरक्षण तुरंत लागू हो।



# दीपक ने हाथ पकड़े, सूरज ने मंदबुद्धि किशोरी से किया दुष्कर्म

## पांच माह की गर्भवती होने पर पता चला

अफजलगढ़ (चिंगारी)। नाबालिग मंदबुद्धि किशोरी का घर में घुसकर दोस्त के साथ मिलकर दुष्कर्म करने व उसे गर्भवती करने के आरोप में पीड़ित पिता की तहरीर पर घटना के पांच माह बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी एक व्यक्ति ने ग्राम आसफाबाद चमन निवासी सूरज पुत्र थम्मन सिंह व दीपक पुत्र सतीश पर आरोप लगाते हुए कहा कि 20 नवंबर 2025 को जिस वक्त उसका परिवार खेत पर काम करने गया था, उसकी मंदबुद्धि नाबालिक पुत्री घर पर अकेली थी। इसी दौरान दोनों आरोपी उसके घर में घुस गए इसके बाद सूरज ने अपने साथी के साथ मिलकर उसकी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। घटना का खुलासा तब हुआ जब उसकी पुत्री के पांच माह बाद पेट में दर्द होने लगा। डॉक्टर को दिखाने पर पता चला कि उसकी पुत्री गर्भवती है। पूछने पर उसकी पुत्री ने पांच पूर्व की घटना का जिक्र करते हुए परिजनों को आप बीती सुनाई। जिसमें उसने बताया कि सूरज ने उसके साथ दुष्कर्म किया, जबकि दीपक उसके हाथ पकड़े रहा। इस संबंध में थाना अफजलगढ़ में तैनात एसएसआई श्रीपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने नामजद दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

# अपनी मांगों को लेकर कल बिजनौर में धरना देंगे शिक्षक

चांदपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (शर्मा गुट) के आह्वान पर शिक्षको की विभिन्न मांगों को लेकर कल 2 मई को दोपहर 2 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर धरना दिया जाएगा। यह जानकारी देते हुए संगठन के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विनेश त्यागी ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली, 22 मार्च 2016की राजाज्ञा से आच्छादित शिक्षकों को पुरानी पेंशन का लाभ, व्यवसायिक शिक्षकों को सम्मान जनक वेतन, चयन बोर्ड अधिनियम की धारा 18एव 21की वापसी, वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिए समान वेतन आदि मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा तथा बाद में मांगों के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर की विभिन्न समस्याओ जिनमें पीएफ धनराशि स्थानांतरण में देरी,एन पी एस कटौती के समुचित रखरखाव न होना, लम्बित पदोन्नति प्रकरणों में देरी, शिक्षको के बकाया भुगतान में देरी, चयन एवं पदोन्नति मामलों में विलम्ब आदि के सम्बन्ध में भी मांग पत्र दिया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में बिजनौर पहुंच कर धरने प्रदर्शन को सफल बनाने का आह्वान किया।

# वैन की टक्कर से युवक की मौत


खड्डे में पलटी वैन।

अफजलगढ़ (चिंगारी)। ग्राम मकसूदाबाद निवासी विमल कुमार वर्मा पुत्र नरेंद्र वर्मा (28) बाइक द्वारा अफजलगढ़ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान भूतपुरी तिराहे के नजदीक जसपुर मार्ग पर सामने से आ रही इक्को वैन से उनकी आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि वैन समीप ही गड्ढे में पलट गई। हादसे के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत से परिजनों में कोहरा मचा हुआ है।

# चारा काट रही महिला को सांप ने काटा

नूरपुर (चिंगारी)। नूरपुर क्षेत्र के गांव रोशनपुर जागीर निवासी महिला गुड्डी देवी (55) पत्नी महावीर सिंह शुक्रवार की सुबह पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई थी।चारा काटते समय महिला के हाथ मे सांप ने काट लिया। जानकारी होने पर आनन-फानन में परिजन महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार फिलहाल महिला की हालत ठीक बताई जा रही है।

# कालेज में हर्षोल्लास के साथ मनायी बुद्ध पूर्णिमा


भगवान बुद्ध के चित्र पर पुष्प अर्पित करता विद्यालय परिवार।

अफजलगढ़ (चिंगारी)। यहां स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुद्ध पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुदर्शन सिंह ने महात्मा बुद्ध के चित्र के समक्ष पुष्पार्चना किया। इस दौरान उन्होंने वहां मौजूद छात्राओं को अवगत कराया कि महात्मा बुद्ध ने संसार में व्याप्त दुखों से छुटकारा पाने का मार्ग प्रशस्त किया। साथ ही बताया कि तृष्णा ही सब दुखों का मूल है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को महात्मा बुद्ध द्वारा दी गई शिक्षाओं को अपनाने का अनुरोध किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं सुशांत, आदित्य, शौर्य कुमार, शुभ, सौम्या, दिव्यांशी आदि ने महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये। साथ ही छात्र रीत ने मोबाइल की उपयोगिता पर अंग्रेजी में अपने विचार भी रखें। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, ओमकार सिंह, अनिल कुमार, श्रीमती अनीता देवी, शोकेंद्र कुमार, राजीव कुमार गुप्ता आदि की सहभागिता रही।

# पुलिसकर्मियों के आवास के पास घूम रहा गुलदार

## पिंजरा लगाकर पकड़ने की मांग

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। रेहड़ में जसपुर रोड पर स्थित पुलिसकर्मियों के सरकारी आवासों के आसपास गुलदार की बढ़ती आवाजाही से पुलिसकर्मी, उनके परिजन व अन्य लोग भयभीत हैं। एक सप्ताह पूर्व भी यहां गुलदार ने एक बकरी पर झपट्टा मार दिया था, हालांकि तुरंत मचाए गए शोरगुल के बाद वह बकरी को छोड़ भागा था। इन सरकारी आवासों के आसपास एक सप्ताह पूर्व जिस समय गुलदार ने बकरी को निशाना बनाकर उस पर झपट्टा मारा था उस समय भी कुछ दूरी पर ही कई बालक खेल रहे थे। इन सरकारी आवासों एवं पास में ही निर्माणाधीन स्कूल भवन के आसपास गुलदार को आयदिन देखे जाने से यहां भय का माहौल है और वन विभाग से यहां पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की गई है।

# डा. रोहन भटनागर ने किया अपने परिवार का नाम रोशन



बिजनौर (चिंगारी)। स्थानीय होली लेन निवासी एवं केजी के कालेज के राजनीति विज्ञान के सेवानिवृत विभागाध्यक्ष डा. अक्षय कुमार भटनागर के पौत्र तथा अंकुर भटनागर के पुत्र डा. रोहन भटनागर ने मेरठ विश्व विद्यालय से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त करने के उपरांत पीजी नीट प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवंटित सश्रुत फाउंडेशन एवं रिसर्च संस्थान कोलकाता से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। जिस पर नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ऑफ मेडिकल साइंस नई दिल्ली द्वारा डा. रोहन भटनागर को जून माह में होने वाले अपने 23वें दीक्षान्त समारोह में OPHTHAL MOLOG में स्वर्ण पदक प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस समाचार से डा. रोहन भटनागर के परिवार एवं परिचितों में हर्ष व्याप्त है।

# वन गुर्जरों के डेरों पर छापेमारी व प्रमुख मार्गों पर सघन चैकिंग की


संयुक्त अभियान के दौरान वन गुर्जरों के यहां जांच करती वन विभाग की टीम।

अफजलगढ़ (चिंगारी)। कॉर्बेट और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों में वन्यजीवों की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से व्यापक अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान वन गुर्जरों के डेरों पर छापेमारी की गई तथा प्रमुख मार्गों पर सघन चेकिंग की गई। कालागढ़ के उप प्रभागीय वनाधिकारी अमित ग्वासी कोटी ने अभियान में शामिल अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने सभी कार्रवाई कानून के दायरे में करते हुए सीमावर्ती गांवों के रास्तों पर विशेष सतर्कता बरतने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश दिए। फ्लैग मार्च कालागढ़ से शुरू होकर झिरना होते हुए ढेला क्षेत्र तक पहुंचा। इसके साथ ही अमानगढ़ रेंज के भिक्कावाला, मीरापुर, मालिनी, लालबाग, धारा, झुल्ले मोड़, फीका चौकी और गुर्जर झालों सहित कई सीमावर्ती ग्रामों में भी सघन अभियान चलाया गया। वन विभाग के इस संयुक्त अभियान को क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ अमित ग्वासी को, वन क्षेत्र अधिकारी कालागढ़ नंदकिशोर रुवाली, वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर सहित अनेक वन कर्मचारी मौजूद रहें।

# किरतपुर में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर उपभोक्ताओं का गुस्सा होने लगा मुखर

## स्त्री-पुरूषों ने कल बिजलीघर पहुंचकर दिया ज्ञापन



**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में स्मार्ट मीटर को लेकर लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आने लगा है। कल बड़ी संख्या में मोहल्ला कोटला की महिलाएं और पुरुष स्थानीय बिजलीघर पहुंचे और स्मार्ट मीटरों को हटाने की पुरजोर मांग उठाई। इस दौरान लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद उनके बिजली बिलों में अचानक भारी बढ़ोतरी हो गई है, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। प्रदर्शनकारियों ने एसडीओ हाइडिल को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि पहले जहां उनके बिल सामान्य आते थे, वहीं अब स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिल कई गुना तक बढ़कर आ रहे हैं। लोगों का आरोप है कि मीटर रीडिंग में गड़बड़ी हो रही है या सिस्टम पारदर्शी नहीं है, जिससे उपभोक्ताओं को नुकसान उठाना पड़ रहा है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि पहले से ही महंगाई की मार झेल रहे परिवारों के लिए इतने अधिक बिजली बिल भर पाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्मार्ट मीटर हटाकर पुराने मीटर नहीं लगाए गए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं एसडीओ हाइडिल ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि उनकी शिकायतों की जांच कराई जाएगी और यदि कहीं गड़बड़ी पाई जाती है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। ज्ञापन देने वालो में शायमा खान सभासद, मायारानी, नगमा, संतोष, नूरजहां, सर्वेश कुमार, हनीफ आदि मौजूद थे।

# प्रतियोगिता में भाग लेने कानपुर रवाना हुए ताइक्वांडो खिलाड़ी



प्रतियोगिता में भाग लेने कानपुर जाते बच्चे।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। कानपुर में आज 01 मई से आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए अफजलगढ़ क्षेत्र के दर्जनों ताइक्वांडो बाल खिलाड़ी गुरुवार की अपराह्न कानपुर के लिए रवाना हुए। अपने कोच सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी अफजलगढ़ के डायरेक्टर मौ. आरिफ की निगरानी में रवाना हुए बच्चों में खासा उत्साह नजर आया। बच्चों का कहना था कि वह इस चैंपियनशिप में सफलता प्राप्ति के प्रयास हेतु पूरी तरह से तैयार हैं और उन्हें उम्मीद है कि उनकी टीम का प्रत्येक खिलाड़ी इस चैंपियनशिप में नाम रोशन करेगा। उनके कोच मौ. आरिफ ने कहा कि छोटे-छोटे बच्चों का राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में इस हौसले के साथ भागीदारी करना उनके उज्जवल भविष्य का संकेत है।**

# हल्दौर में हुआ महिलाओं का इज्तिमा

## तलबा को इनाम से नवाजा

**हल्दौर ( चिंगारी )।** मदरसा इशातुल उलूम हल्दौर में महिलाओं का इज्तिमा हुआ और सालाना इम्तिहान में पोजीशन लाने वाले तलाबा को इनाम से नवाज़ा गया। इज्तिमा में मदरसे की आलिमा ने तालीम की फज़ीलत पर रोशनी डाली, औरत के जिम्में हैं बच्चों की तालीम और तरबियत, औरत अगर चाहे तो अपने बच्चों को अच्छी तालीम और तरबियत के जरिए से बेहतरीन इंसान बना सकती है और सही तालीम न होने की वजह से बच्चों का मुस्तकबिल खराब हो जाता है। अमरीन मैडम ने तकवे की फज़ीलत को बयान करते हुए कहा की हर ईमान वाले को तकवा इख्तियार करना चाहिए ताकि आखिरत कामयाब हो जाए। मौलाना इरशाद अहमद कासमी ने तौबा के बारे में बतलाया के हर इंसान में बुराइयां होती हैं। मगर अच्छा इंसान वह है जो तौबा कर ले, तौबा अल्लाह और बंदे के दरमियान एक राज है, इसलिए शरीअत किसी को भी गुनाह पर शर्मिंदा करने और दूसरों से बयान करने की इजाज़त नहीं देती। इसके बाद सालाना इम्तिहान में पोजीशन लाने वाले तलाबा को इनाम से नवाज़ा गया। इज्तिमा में शिरकत करने वाले मौलाना मोहम्मद शोएब नाज़िम, मदरसा हाजा मौलाना मौहम्मद इरशाद कासमी, कारी मौहम्मद उसेब, शबनम खातून, अमरीन, यासमीन, ताज़ीम और अलीमा मैडम मौजूद रही।



# बारात की चढ़त के दौरान प्रेमिका ने किया हंगामा

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बारात की चढ़त के दौरान दूल्हे की प्रेमिका ने वहां पहुंचकर हंगामा किया। दोनों पक्षों के बीच फैसला हो जाने के बाद आज सुबह दुल्हा, दुल्हन के साथ अपने घर को रवाना हो गया। कल दोपहर बाद धनौरा क्षेत्र से क्षेत्र के ग्राम खानपुर खादर में बारात आई थी। बारात की चढ़त के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई,जब वहां पहुंची एक महिला ने दूल्हे को अपना पति बताते हुए हंगामा किया। महिला का यहां तक कहना था कि वह उसके बच्चे का बाप है। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। महिला द्वारा किये गये हंगामे के कारण बारात की चढ़त भी रोक दी गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों पक्षों के बीच घंटों वार्ता हुई। ग्रामीणों के अनुसार देर रात दोनों पक्षों के बीच फैसला हो गया तथा आज सुबह दूल्हा, दुल्हन के साथ अपने घर को रवाना हो गया। यह मामला पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# विपक्ष ने आधी आबादी के साथ धोखा किया



**चांदपुर ( चिंगारी )। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शकुंतला डिग्री कॉलेज में पहुंचकर शिक्षिकाओं व छात्राओं को भारत व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में जनसंपर्क किया। इस अवसर पर भाजपा जलीलपुर मंडल अध्यक्ष मीनू राजपूत ने कहा कि विपक्ष ने नारी वंदन अधिनियम को संसद में पास नहीं होने दिया, जो देश की आधी आबादी के साथ धोखा है। इस अवसर पर फीना मंडल अध्यक्ष नवनीत राणा, जलीलपुर मंडल महामंत्री सचिन शर्मा, रोहित यादव आदि उपस्थित रहे।**

# अप्रैल माह में जन्मे बच्चों का स्कूल में जन्मदिन मनाया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** द हेज़लमून स्कूल में प्ले ग्रुप एवं नर्सरी कक्षा के अप्रैल माह में जन्मे मोहम्मद यज़दान, माधव, कनिष्का, मोह. अली, इविका, मोह. अहमद, अदयांश जिंदल, हनिका चौधरी, मनहा परवीन, आरव, अनाया तोमर, रियान शेख़ तथा माही नूर का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों को सैश तथा रंग-बिरंगी बर्थडे कैप्स पहनाई गईं और उन्हें सुंदर तरीके से सजाया गया। बच्चों ने मिलकर केक काटा, डांस किया और अपने जन्मदिन को खुशी-खुशी मनाया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ इस खास दिन का आनंद लिया। विद्यालय में हंसी-खुशी और उमंग का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक अरविंद कुमार (पप्पू चेयरमैन), निर्देशिका श्रीमती शक्ति अनिरुद्ध मित्तल, प्रधानाचार्या श्रीमती गरिमा सिंह व प्री प्राइमरी कोआर्डिनेटर श्रीमती नसरीन अंसारी ने सभी बच्चों को जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





## राशिफल

**विमल जैन**

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 02 मई 2026**

मेष- परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, आर्थिक पक्ष में उन्नति, नौकरी में प्रोन्नति, स्वाध्याय में रुचि, स्वयं का निर्णय हितकर, बकाए धन की प्राप्ति, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, हर्ष भी।

वृषभ- गृहयोग अनुकूल, सामयिक कृत्यों में अभिरुचि, आपकी सलाह से कामयाबी, राजनीतिज्ञ गतिविधियों की ओर रुझान, कठिनाइयों का निवारण, धनागम भी।

मिथुन- साहसिक प्रयास प्रगति पर, स्वविवेक से लिया गया निर्णय लाभप्रद, भौतिक सुख के साधन सुलभ, चित्त प्रफुल्लित, पारस्परिक संबंधों में प्रगाढ़ता, सुसंदेश की प्राप्ति।

कर्क- योजना अधूरी, आर्थिक पक्ष में असंतोष, परिवार में अनावश्यक खर्च, विरोधियों का वर्चस्व, वैवाहिक जीवन में मतभेद, राजकीय पक्ष से उलझने, अध्ययन में व्यतिक्रम।

सिंह- सामयिक कार्यों में सफलता, विचारित योजनाएँ फलीभूत, वैमनस्यता का समापन, घरेलू समस्याओं का समापन, किसी उत्सव में सम्मिलित होने का सुअवसर।

कन्या- योजना साकार लोने की ओर, मनोरथ पूर्ण होने की ओर, कर्ज की अदायगी का प्रयास, सहयोगियों की गतिविधियों से शांति की अनुभूति, नौकरी में पदोन्नति।

तुला- समय शुभ, कार्य-व्यवसाय में वृद्धि, पारस्परिक संबंधों में व्यवस्थित व्यवधान समाप्त, आपकी सलाह से कामयाबी हासिल, विवाद समापन पक्ष में, यात्रा सकुशल।

वृश्चिक-गृहस्थिति भाग्य के विपरीत, सफलता का मार्ग अवरुद्ध, लाभ में कमी, जल्दबाजी में लिया गया निर्णय अहितकर, मेल-मिलाप में अरुचि, उत्साह में कमी।

धनु- आज दिन शुभ, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, भाग्योन्नति में सहायक, लाभार्जन का मार्ग प्रशस्त, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, उत्कर्ष।

मकर- चिरवांछित कार्यों में सफलता, नवसम्पर्क लाभदायी, परिजनों से अपेक्षित सहयोग, व्यापारिक वातावरण मनोनुकूल, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, धन की प्राप्ति।

कुम्भ- अधूरी योजना साकार होने की ओर, सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, पारिवारिक दायित्व की पूर्ति का प्रयास, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

मीन- सोचे हुए कार्य अपूर्ण, पारिवारिक तनाव, मानसिक अशांति, क्रोध की अधिकता, कर्ज से चिंतत, प्रतिष्ठा पर आहात, दूसरों की सलाह अमान्य, कठिनाइयों से परेशानी।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# बुद्ध पूर्णिमा पर बौद्ध महासभा ने निकाली धम्म यात्रा



**बिजनौर (चिंगारी)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के तत्वावधान में प्रांतीय उपाध्यक्ष गुरदयाल सिंह बौद्ध की देखरेख में नगर में धम्म यात्रा बुद्ध विहार बुखारा से निकाली गई, जो थाना कोतवाली, शक्ति चौक, सिविल लाइंस, मुख्य डाकघर, बुल्ला का चौराहा, रविदास नगर होते हुए बुद्ध विहार बुखारा पहुंचकर संपन्न हुई। प्रभात फेरी में प्राथमिक अंबेडकर के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि तथागत भगवान गौतम बुद्ध जी ने आम जनमानस को शांति और करुणा का संदेश दिया, जो मानव समाज को दिन हिंसा और घृणा को त्याग कर प्रेम, करुणा और शांति के मार्ग पर चलने की सीख देता है। उन्होंने कहा था कि 'अप्प दीपो भव' यानी अपने दीपक स्वयं बनो (अपने उद्धार के लिए खुद प्रयास करो)। इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संरक्षक धन सिंह रवि, जिला अध्यक्ष तिलक राज बौद्ध, महामंत्री बिम्बसार गौतम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष चंदू सिंह, अटेवा प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रभारी चंद्रहास सिंह, अंबेडकर विद्यालय की प्रधानाचार्या रुचि रानी, अनीता, अंशु रानी, गुलशन, नरेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, नमन, करन सिंह, कैलाश, निमेष, गौतम, छोटे सिंह आदि मौजूद रहे।

# प्रधान ने कराया कीटनाशक का छिड़काव

## ग्रामीणों को मिलेगी मक्खी-मच्छरों से निजात

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** गर्मी के इस मौसम में मक्खी-मच्छरों की बढ़ती फौज से निपटने के लिए ग्राम प्रधान सीरवासुचंद जुबैदा शकील ने कोशिशें तेज कर दी हैं। ग्राम प्रधान ने गांव की गली-कूंचो में कीटनाशक छिड़काव कराना प्रारंभ कर दिया है। किसी भी गली-मोहल्ले में कीटनाशक का छिड़काव होने से न छूट जाए, इसके लिए प्रधानपति शकील अहमद, प्रधान पुत्र मौ. फिरोज एवं प्रधान प्रतिनिधि मौ. इकबाल द्वारा गांव में भ्रमण कर नज़र रखी जा रही है। छिड़काव कराते प्रधान पति शकील अहमद ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने ग्रामीणों से सफाई एवं कीटनाशक छिड़काव में सहयोग का आह्वान किया है।



# बर्जर पेंट्स कम्पनी की ओर से आयोजित की गई पेंटर्स मीट

**बिजनौर (चिंगारी)।** बर्जर पेंट्स लि. द्वारा नगर में पेंटर्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें नगर के लगभग डेढ़ सौ पेंटर्स ठेकेदारों ने भाग लिया। इस अवसर पर लच्छुमल ट्रेडर्स के पेंट कॉन्ट्रैक्टर मौ. शफी को कम्पनी के अधिकारियों ने उनकी बेहतरीन सर्विस के लिये एक्सीलेंस अवार्ड डिपो गाजियाबाद से सम्मानित किया तथा उपस्थित पेंटर्स से उनके अनुभव साझा किये। चक्कर चौराहे के पास स्थित एक बैंकेट हॉल में आयोजित पेंटर्स मीट में उपस्थित कम्पनी के आरएसएम सागर राणा, जितेंद्र सिंह बीडीओ, आबाद हैदर सीसीएसओ वाटर पफिंग, मौ. मुदस्सिर डीजी, मनोज मौर्य वुड कोटिंग, शुभम टीएसआई ने कम्पनी की स्पेशलिटी आदि के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला तथा कार्यक्रम में पधारे सभी पेंटर्स के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



# गौ माता को 'राष्ट्र माता' घोषित करने का आह्वान

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के गौ रक्षकों द्वारा 27 अप्रैल को गौ रक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमें गौरक्षकों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने का आह्वान किया। गौरक्षकों का कहना है कि आज गौ माता की स्थिति बहुत ही दयनीय है, जो देखने को भी मिलती है, लोग दूध के लालच में गौ माता को पाल तो लेते हैं, लेकिन अगर गौ माता दूध देने लायक नहीं रहती तो उसे सड़क पर भटकने के लिए छोड़ देते हैं, जिसके कारण उसकी स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। गौ माता सम्मान दिवस पर दीपक सैनी, मोहित शर्मा, नदीम सिद्दीकी, तुषार कश्यप, विवेक शर्मा, गौरव कश्यप, आशु कश्यप, लक्की कश्यप, प्रियांशु, शिवम, विपिन, यश, मनीष कश्यप, कमल, अनमोल कश्यप, अभिषेक, कार्तिक, सुमित कुमार, गीतांशु गडरिया, अभिषेक सैनी, नीरज सैनी, विशाल, निखिल सैनी, मन्नू कुमार, अभिषेक कुमार, सुनील सैनी, आशीष, अनमोल कश्यप, शिव कश्यप, मोंटी कश्यप, अमन सारण, रोहित कश्यप, धनु, करण कश्यप, चिंटू आदि गौ रक्षक उपस्थित रहे।



# बिजनौर के राशिद राईन बने सपा के प्रांतीय सचिव

**बिजनौर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से जनपद बिजनौर निवासी राशिद राईन को पार्टी की उत्तर प्रदेश राज्य कार्यकारिणी में प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल द्वारा जारी की गयी। राशिद राईन निवासी मोहल्ला मिर्दगान को पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राशिद राईन ने कहा कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे और संगठन को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति की खबर मिलते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्हें बधाई देने वालों का तांता लग गया।



# पांच दिन के उत्तराखंड दौरे पर रहेंगी कुमारी शैलजा

## कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेज कीं


फाइल फोटो

**देहरादून (चिंगारी)।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर रणनीतिक रूप से सक्रिय हो गई है। इसी कड़ी में एक बार फिर से पार्टी की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा अपना 6 मई से गढ़वाल मंडल का दौरा करने जा रही हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में कांग्रेस की प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा तराई के दौरे पर आईं थीं। अब 6 मई से पार्टी प्रदेश प्रभारी ऋषिकेश से लेकर बदरीनाथ, केदारनाथ और टिहरी के दौरे पर आ रही हैं।

गणेश गोदियाल ने बताया कि इसके बाद उनका एक और दौरा टिहरी, उत्तरकाशी और देहरादून जिले के चकराता और विकासनगर में होगा। उनके गढ़वाल भ्रमण के बाद एक और दौरा कुमाऊं मंडल में होने जा रहा है। यह चार दौरे के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। गणेश गोदियाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से आगामी चुनाव को पूरी मजबूती के साथ लड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। दरअसल कुमारी शैलजा 6 से 11 मई तक उत्तराखंड में आकर संगठन को धार देंगी, और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करके संगठनात्मक और आगामी रणनीतियों पर चर्चा करेंगी।

6 मई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सांसद व उत्तराखंड प्रभारी कुमारी शैलजा देहरादून पहुंचेंगी। 7 मई को ऋषिकेश से श्रीनगर गढ़वाल के लिए रवाना होंगी और वहां पर जिला कांग्रेस कमेटी पौड़ी के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करेंगी, उसके बाद रुद्रप्रयाग के सोनप्रयाग जाएंगी। 8 मई को केदारनाथ धाम हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचेंगी व केदारनाथ धाम में पूजा अर्चना करेंगी और अगस्तमुनि में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगी। 9 तारीख को कुमारी शैलजा चमोली जिले के बरही में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित करेंगी। जिसके बाद वह रात्रि विश्राम बदरीनाथ धाम में करेंगी। 10 तारीख को बदरीनाथ धाम में पूजा अर्चना करने के बाद जोशीमठ में कार्यकर्ताओं से चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगी और रात्रि विश्राम श्रीनगर में करेंगी।

# समाज व राष्ट्र के निर्माण की मजबूत नींव हैं श्रमिक : डॉ. शूरवीर सिंह



## स्कूल में श्रमिक दिवस पर कर्मचारियों को सम्मानित किया

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** रेड फोर्ट इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल द्वारा श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर विद्यालय परिसर में समस्त कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य, गरिमामय एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय परिवार के उन कर्मठ सदस्यों का सम्मान करना था, जो प्रतिदिन अपनी मेहनत, निष्ठा एवं समर्पण से विद्यालय की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सभी कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं सेवा भावना के लिए श्रम दिवस सम्मान प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें उपहार भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शूरवीर सिंह बिष्ट ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था की सफलता के पीछे कर्मचारियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और परिश्रम की सबसे बड़ी भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि श्रमिक वर्ग समाज एवं राष्ट्र निर्माण की मजबूत नींव है और हमें उनके योगदान का सदैव सम्मान करना चाहिए। उन्होंने सभी कर्मचारियों को श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन अमित गांधी, अकादमिक हेड द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरंग बेली ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य देवेंद्र बिष्ट, मनोज बिष्ट, समस्त शैक्षणिक स्टाफ, गैर-शैक्षणिक कर्मचारीगण तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक क्षेत्र का हो विकास, यही है हमारा प्रयास : रावत



## सांसद ने खांड गांव में निर्मित मुख्य सड़क का किया लोकार्पण

**ऋषिकेश (चिंगारी)।** विकास कार्यों को गति देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खांड गाँव विस्थापित-03 में मुख्य मार्ग के सुदृढ़ीकरण कार्य का विधिवत लोकार्पण किया। सांसद निधि से लगभग 11.89 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस सड़क का कार्य पी.सी. एवं इंटरलॉकिंग टाइल्स के माध्यम से पूर्ण किया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों को अब सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों ने सांसद का ढोल-दमाऊ और बैंड-बाजों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है। यह सड़क लंबे समय से क्षेत्रवासियों की आवश्यकता थी, जिसके पूर्ण होने से अब आवागमन सरल और सुरक्षित होगा। हमारा प्रयास है कि हर क्षेत्र तक विकास की किरण पहुंचे और कोई भी बस्ती बुनियादी सुविधाओं से वंचित न रहे। उन्होंने आगे कहा कि खांड गांव को राजस्व ग्राम घोषित करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान पूर्व महापौर ऋषिकेश श्रीमती अनिता ममगाईं ने समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांसद ने हमेशा क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका समाधान किया है। कार्यक्रम का संचालन पंकज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री संदीप गुप्ता, ऋषिकेश मंडल अध्यक्ष मनोज ध्यानी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामपुर और वर्तमान में यमकेश्वर ब्लाक प्रमुख पति संजीव चौहान, पूर्व जिला अध्यक्ष रविन्द्र राणा, हरिद्वार प्रभारी दीपक धमीजा, पार्षद राजेश कोठियाल, पूर्व पार्षद विजय बडोनी, किशन नेगी, पूर्व पार्षद विपिन पन्त, पार्षद बिरेन्द्र रमोला, पवन शर्मा, राजेश गौतम, अजय कालड़ा, रमेश अरोड़ा, ब्रिज मोहन मनोरी, विजेंद्र मोगा, राजकुमारी जुगरान, अशर्फी रणावत और खांड गांव से वार्ड सदस्य संगीता भट्ट, पीएस पटेल, रोशन ध्यानी, कपिल भंडारी व स्थानीय जनता मौजूद रही।

# नृसिंह वाटिका आश्रम में मनाया गया भगवान नृसिंह का जन्मोत्सव



**ऋषिकेश (चिंगारी)।** नृसिंह वाटिका आश्रम खांड गांव नंबर एक रायवाला में भगवान नृसिंह का जन्मोत्सव अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान नृसिंह के अभिषेक एवं विधि-विधान से पूजन के साथ हुआ। तत्पश्चात भव्य झांकी एवं कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तगण भाव-विभोर होकर नृत्य करते नजर आए। प्रवचन में संत-महात्माओं ने भगवान नृसिंह के अवतार की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, सत्य और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में सनातन धर्म विकास परिषद उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने भगवान नृसिंह की उपासना के मंत्रों की व्याख्या कर सभी को हरिनाम संकीर्तन का उपदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर साध्वी मां देवेश्वरी नगरपालिका अध्यक्ष डोईवाला नंदन सिंह नेगी, प्रेमप्रकाश नौटियाल, रेखा थपलियाल, अंजू बडोला, रोशनी कुकरेती, आस्था नौटियाल, सुरेन्द्र बिष्ट, ऋषिराम सिलस्वाल, आचार्य बंसत भदूला, श्रीमती रजनी चंदोला, करन नेगी पंकज शर्मा, निशांत कंबोज सूर्य त्यागी, दीपक कुमार, डॉ. नदीम आदि नागरिक, धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

**दुकानें बिकाऊ हैं**
डॉक्टर कमाल मार्केट निकट कमाल नर्सिंग होम मेन मार्केट धामपुर में 9 फुट चौड़ी व 10 फुट लंबी बनी हुई 6 दुकानें बिकाऊ हैं।
संपर्क करें- 9412713786


मृतक का फाइल फोटो।

# आंधी से बारातघर की दीवार गिरने से दबकर युवक की मौत

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम राहतपुर में उस समय अफरा तफ़री मच गई, जब आंधी तूफान के आने के बाद एक युवक की दीवार के नीचे दबने से मौत हो गई। ग्राम राहतपुर में गांव के बाहर एक बारात घर है, वहां पास में ही करीब 35 वर्षीय फरियाद का घर है। बीती शाम जिस समय आंधी तूफान आया उस समय फरियाद बारात घर में मौजूद था। आंधी तूफान से बारात घर की टिन शेड उड़ गई तथा एक दीवार गिर गई। दीवार के नीचे फरियाद दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीण घायल फरियाद को उपचार के लिए अस्पताल ले जाने लगे, रास्ते में ही फरियाद की मौत हो गई। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मच गया तथा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी व चार छोटे बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया। ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी ने बताया कि मृतक फरियाद मंडावली रहता था। दो वर्ष से ग्राम राहतपुर में किराए के मकान में आकर रहने लगा था। मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता था। ग्राम प्रधान के द्वारा हल्का लेखपाल को सूचना दे दी गई है। जिससे मृतक के परिजनों को मुआवजा मिल सके। सूचना पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेज दिया है। हलका लेखपाल सत्यनारायण ने बताया कि घटना स्थल पर जाकर जानकारी की गई है। रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

**मिर्गी दौरे**
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना 2. हाथ-पैर ऐंठ जाना 3. शरीर का अकड़ना 4. मुंह से झाग निकलना 5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

**पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल**
यूनिट ऑफ पुलकित मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट
आयुष्मान और टी.पी.ए. द्वारा
नि:शुल्क इलाज
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत PM-JAY
आज ही हमारे विशेषज्ञ से सलाह लें

उपलब्ध सुविधाएं
- हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- नेत्र रोग विभाग
- दंत रोग विभाग
- क्रिटिकल केयर यूनिट
- जनरल मेडिसिन विभाग
- जनरल सर्जरी एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जरी विभाग
- पैथोलॉजी विभाग
- ब्लड बैंक विभाग
- रेडियोलॉजी विभाग
आपातकालीन सेवाएं 24 घंटे
9897959151, 9719775240
BAIRAJ ROAD, BIJNOR - 246701
आधुनिक तकनीक एवं सुविधाएं

Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150

CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria
TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर